हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# झांझ-मजीरे के साथ निकाली महाकाल की पालकी, कांवड़ यात्रा में बम भोले की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाजे-गाजे एवं झांझ-मजीरे के साथ पुराना ढाबा वार्ड से निकली महाकाल की भव्य पालकी में भक्त भक्ति में थिरकते रहे। वहीं भोर के समय कांवड यात्रा के दौरान बोल बम की गूंज रही। सावन के तीसरे सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने शिवालयों में भक्तों की उपस्थिति सुबह से देर शाम तक रही । अंचल में भक्ति का माहौल रहा।

सावन माह के तीसरे सोमवार को लेकर भक्तों में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। इस मौके पर अंचल के शिवालयों में बड़ी संख्या भक्तों की उपस्थिति रही, जिन्होंने भगवान शिव का अभिषेक, पूजा-अर्चना विधि-विधान से किया।





**महाकाल की पालकी में भक्तों की भीड़ :** सिंघोला महकाल मंदिर एवं महाकाल सेना द्वारा सावन में निकाले जाने वाली महाकाल की पालकी यात्रा शहर के पुराना ढाबा से प्रारंभ हुई, जो चिखली, स्टेशनपारा दुर्गा मंदिर होते हुए गौरीनगर पहुंची। इस दौरान बाजे-गाजे एवं झांझ-मजीरों के साथ लोक कलाकारों ने परंपरागत नृत्य की प्रस्तुति दी। महाकाल की भव्य झांकी भी आकर्षण का केन्द्र रहा। महाकाल की पालकी यात्रा के दौरान कई स्थानों पर पूजा-अर्चना एवं स्वागत-सत्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

### शिवनाथ नदी तट पर कांवडियों की भीड़

इधर सुबह के समय भजन एवं बम भोले के गूंज के बीच बड़ी संख्या में कांवडिये शिवनाथ नदी तट पहुंचते रहे। यहां स्नान-ध्यान कर श्रद्धा भक्ति के साथ कांवड में शिवनाथ नदी का जल लेकर भगवान शिव मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं अभिषेक किया गया।

### नागपंचमी आज

कल 29 जुलाई को सावन माह में पर्वों की श्रृंखला के तहत नागपंचमी पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर व्यायाम शालाओं अखाड़ों, मंदिर एवं घरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। किसान खेत-खलिहानों में पहुंचकर फसल की सुरक्षा की कामना करते पूजा करेंगे। इसके अलावा अंचल में इस पर्व पर पारंपरिक रूप से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# एफसीआई के चावल में इथेनाल कंपनियों की सेंध, प्रति क्विंटल 5 सौ रुपए का खेल

## बाजार में प्रति किलो चावल 26-28 रुपए किलो में बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एफसीआई द्वारा प्रदेश के इथेनाल कंपनियों को चावल बेचने के लिए करार किया गया है। एफसीआई द्वारा बाजार भाव से सस्ते दर पर अनुबंध किए जाने का भरपूर फायदा इथेनाल कंपनियां उठा रही है। एफसीआई के चावल में प्रति क्विंटल पांच सौ रुपए की मुनाफाखोरी कर इथेनाल कंपनियां मालामाल होने में जुट गई है। मजे की बात यह है कि एफसीआई द्वारा इथेनाल कंपनी को बेचे जाने वाले चावल को फिर से मिलरों को ही बेचा जा रहा है। इस खेल में अब तक करोड़ों रुपए का कारोबार होने की आशंका है।

एफसीआई के चावल को इथेनाल डिस्टिलरी और मिलर्स खुले बाजार में बेचकर लाखों रुपए मुनाफा कमा रहे हैं। बता दें राज्य के केन्द्र सरकार ने छग के तीन जिले में स्थापित इथेनाल कंपनी (डिस्टिलरीज) से करीब डेढ़ लाख टन से अधिक का टेंडर किया गया है। हरिभूमि ने रायपुर, बेमेतरा और राजनांदगांव के इथेनाल कंपनियों से जानकारी जुटाई। जिसमें दुर्ग के मिलरों की भी सांगगांठ का खुलासा हुआ है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक मिलर ने बताया कि केन्द्र पहले ही सब्सिडी देकर चावल बेच रही है। इसके बाद भी इथेनाल फैक्ट्री संचालक आय का रास्ता निकाल रहे हैं। उनका कहना है कि बाजार भाव की पड़ताल कर टेंडर राशि तय किया जाना था। दरअसल इथेनाल बनाने के लिए कंपनी को कनकी और खंडा ही उपयोग करनी होती है। जबकि उन्हें एफसीआई अच्छी क्वालिटी का चावल दे रही है। जिसका फायदा उठाकर

⏩ शेष पेज 14 पर

**खास बातें**

- एफसीआई के चावल को खुले बाजार में बेचकर मुनाफा कमा रहे मिलर्स
- राज्य शासन से केन्द्र सरकार एफसीआई में खरीदती है चावल



**सब्सिडी पर पहले ही उपलब्ध करा रही केन्द्र चावल :** जानकारों की माने तो केन्द्र सरकार को प्रति किलो चावल में खर्च 41 रुपए किलो तक आता है, लेकिन इसके बाद भी इथेनाल को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार डिस्टिलरियों (इथेनाल प्लांट संचालक) को 22 रुपए 50 पैसे में चावल बेच रही है। हालांकि इसमें करीब 19 रुपए 23 पैसा केन्द्र सरकार सब्सिडी भी उपलब्ध करा रही है।

### एफसीआई पहले ही नुकसान पर

एफसीआई राज्य शासन के कोटे से हर साल चावल खरीदती है। केन्द्र के कोटे के लिए एफसीआई राज्य शासन से 3500 रुपए किलो में चावल खरीदती है। जबकि एफसीआई इथेनाल कंपनियों को नुकसान में 2250 रुपए क्विंटल पर चावल बेच रही है। इस तरह राज्य जिस तरह से धान खरीदी कर नुकसान में है, उसी तरह से केन्द्र सरकार भी चावल खरीदने के बाद 1350 रुपए प्रति क्विंटल के नुकसान पर चावल बेच रही है।

### कस्टम में जमा नहीं, बाजार में बिक रहा

प्रदेशभर में मिलरों को करीब 54 लाख टन चावल एफसीआई के कोटे में जमा करना है, लेकिन अब तक सिर्फ 4 से 5 लाख क्विंटल चावल जमा करने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 सीजन का 110673030 क्विंटल धान उठाव किया गया है। इसमें मिलरों को प्रति क्विंटल धान पर 67 किलो चावल के हिसाब से 74150930 क्विंटल चावल जमा करना था, लेकिन अभी सिर्फ 29121050 क्विंटल ही चावल जमा किया गया है। सूत्रों ने बताया कि मिलर्स एफसीआई के चावल को इथेनाल कंपनियों से सांठगांठ कर इसे फिर से कस्टम मिलिंग में खपा रहे हैं।

### राज्य शासन नुकसान में कर रही नीलामी

वर्ष 2024-25 खरीफ सीजन में खरीदे गए धान में करीब 35 लाख टन की नीलामी राज्य सरकार कर रही है। इस नीलामी में राज्य शासन ने 19 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की है और नीलामी के बाद निविदाकारों ने इतने ही दर तय किए हैं। राज्य का मानना है कि केन्द्र द्वारा अपने कोटे में चावल नहीं लिए जाने के कारण नीलामी करनी पड़ रही है। धान व्यापारियों का कहना है कि जब केन्द्र 2250 रुपए क्विंटल में इथेनाल कंपनियों को चावल बेच सकती है तो राज्य भी चावल बनाकर इसे इसी कंपनी को 19 सौ क्विंटल से अधिक दर पर बेच सकती है।

## तहसीलदारों ने किया धरना प्रदर्शन

# स्वीकृत पदों पर भर्ती नहीं, अटक रहा लोक सेवा गारंटी का काम!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना करने की मांग की है। तहसील में स्टाफ की कमी के चलते लोक सेवा गारंटी अधिनियम के कार्य समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। जिसके चलते तहसीलदारों पर पेनल्टी लगाई जा रही है। अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर उन्होंने धरना प्रदर्शन करते प्रदेश सरकार से मांगे पूरी करने ज्ञापन सौंपा है।

जिले के 7 तहसीलदार और 13 नायब तहसीलदार अवकाश लेकर तीन दिवसीय आंदोलन पर है। अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर पहले चरण पर आज जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं मंगलवार को संभाग स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा और बुधवार को राज्य स्तर पर अपनी मांगे रखते हुए कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा प्रदेश सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। तहसील कार्यालय में स्वीकृत पदों पर भर्ती नहीं होने के चलते कई कार्य समय-सीमा में पूरे नहीं हो रहे हैं। जिसको लेकर आंदोलन किया जा रहा है।



**17 सूत्रीय मांग :** कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा अपनी 17 सूत्रीय मांगों के तहत सभी तहसीलों में कम्प्यूटर ऑपरेटर, चपरासी, नायब नाजिर, माल जमादार, भृत्य, वाहन चालक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना करने की मांग की गई है। नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने की मांग, ग्रेड-पे में शीघ्र सुधार, शासकीय वाहन की उपलब्धता, बिना वैध प्रक्रिया, नियमित आदेश या अभियोजन कार्रवाई से प्रभावित तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को 15 दिवस में जांच पूर्ण कर बहाल करने, बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के पारित आदेशों के विरुद्ध एफआईआर या मीडिया ट्रायल न हो सहित अन्य मांग रखी है।

### मानव और यांत्रिक संसाधन की कमी

कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के जिला अध्यक्ष नीलकंठ जैन बंधु और एलबी नगर तहसीलदार एवं संगठन के प्रवक्ता कमल किशोर साहू ने बताया कि मानव संसाधन और यांत्रिक संसाधनों की काफी कमी है। उन्होंने कहा कि हमें लोक सेवा गारंटी के कार्यों को समय-सीमा में करने कठिनाई हो रही है। पटवारी ऑपरेटर स्टाफ की कमी है। उन्होंने कहा कि अब तक वेतनमान में संशोधन भी नहीं हुआ है। संगठन द्वारा कहा गया कि कमियों को पूरी करना संभव नहीं होने पर संबंधित तहसील को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा की बाध्यता से मुक्त किया जाए।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर रसोइयों ने निकाली रैली, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यान्ह भोजन रसोईयों ने आज से तीन दिवसीय हड़ताल की शुरूआत की है। छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ के बैनर तले कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपना धरना प्रदर्शन शुरू किया है। अपनी मांगों को लेकर रसोईया संघ द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

अपने प्रदर्शन के दौरान रसोईया संघ द्वारा मांग की गई है कि रसोईयों को कलेक्टर दर मानदेय भुगतान, स्कूल से छात्र-छात्राओं की संख्या कम होने पर रसोईयों को कार्य से नहीं निकाला जाने सहित अन्य मांग रखी है। रसोईया संघ द्वारा तीन दिवसीय हड़ताल करने के चलते कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था बिगड़ गई है। वहीं महिला समूह द्वारा भोजन बनाए जाने का प्रबंध किया गया है। जिसका विरोध रसोईया संघ ने किया है। रसोईया संघ द्वारा कहा गया कि मांगे पूरी नहीं होने पर आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### रैली का होगा आयोजन

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर रसोईया संघ की जिला सचिव सुकृता चौहान ने कहा प्रदेश सरकार ने 100 दिन में हमारी मांग पूरी करने का वादा किया था। सरकार 100 दिन की गिनती भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि रसोईया संघ के प्रदेश स्तरीय आह्वान के तहत 28 से 30 जुलाई तक आयोजित इस जिला स्तरीय हड़ताल के अंतिम दिन रसोईयों द्वारा शहर में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## मार्च महीने के तीसरे सप्ताह से की गई थी कटौती, अब फिर शुरू

# चार महीने बाद शहरवासियों को मिली जलसंकट से मुक्ति, महापौर के निर्देश पर अब दो समय जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भीषण गर्मी में एक टाईम जलापूर्ति की मार झेल रहे शहरवासियों को अब पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। मोहारा एनीकट में पर्याप्त पानी के स्टोरेज होने के बाद महापौर मधुसूदन यादव ने आज से दोनों समय पेयजल आपूर्ति के किए जाने का ऐलान किया, जिसके अनुसार आपूर्ति शुरु भी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में प्रारंभ से ही नदी का जल स्तर अत्यंत कम होने के कारण जल संग्रहण में कमी आई। जिससे शहर के उच्च स्तरीय जलागारों (पानी टंकियों) को भरने में काफी समय लग रहा था। जिसके कारण शहर में दोनों समय जल आपूर्ति करने में कठिनाई आ आई और दो दिन में तीन समय शहर में पेयजल सप्लाई की जा रही थी। वर्तमान में वर्षा ऋतु में मोहारा नदी में पर्याप्त पानी होने पर दोनों समय पेयजल आपूर्ति की जाएगी।



### मिलेगी राहत



पानी की किल्लत दूर होने के चलते अब शहर में दो समय जलापूर्ति की शुरुआत कर दी गई है। इससे शहर के हजारों परिवारों को राहत मिलेगी।

- मधुसूदन यादव
महापौर, ननि

### निर्धारित समय में होगी शहर में जलापूर्ति

उन्होंने बताया कि वर्तमान में वर्षा ऋतु में अब तक अच्छी बारिश होने पर मोहारा शिवनाथ नदी में पानी की पर्याप्त संग्रहण को देखते हुए आज से नगरवासियों को दो समय सुबह एवं शाम निर्धारित समय में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि जिस प्रकार ग्रीष्म ऋतु में आप सबका सहयोग मिला, उसी प्रकार हर समय सहयोग करें, पानी का अपव्यय न करें।

### सील्ट के कारण पानी का स्टोरेज नहीं

पेयजल सप्लाई के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट निर्माण के बाद नदी के सील्ट की सफाई नहीं होने के कारण एनीकट के 40 प्रतिशत हिस्से में सील्ट जमा हो गया। जिससे जल भंडारण क्षमता में कमी आई थी। सील्ट निकालकर ग्रीष्म ऋतु में जलाशयों से पानी लेकर पानी की उपलब्धता के आधार पर दो दिन में तीन समय पेयजल आपूर्ति की गई।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**स्पाईन विभाग**
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

**हड्डी रोग विभाग**
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

जैन मोटर्स
खैरागढ़, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, अंबागढ़ चौकी
हमारी टीम से जुड़िए
सेल्समेन
- गंडई - 3
- खैरागढ़ - 3
- अंबागढ़ चौकी - 3
मैकेनिक / टेक्नीशियन
- मानपुर - 2
- अंबागढ़ चौकी - 2
कम्प्यूटर ऑपरेटर
- राजनांदगांव - 3
आवेदन के लिए तुरंत संपर्क करें

अधिकृत विक्रेता John Deere India Pvt. Ltd.
9977184777,8120006476
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई

## खबर संक्षेप

### युवक ने किया आत्महत्या

**खड़गांव।** ग्राम ताडौ के रोशन मंडावी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोशन मंडावी का पारिवारिक विवाद हुआ था जिसके बाद उसने शिकारी गोंडरी के जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक रोशन मंडावी पिता देवसाय मंडावी की उम्र महज 21 वर्ष थी। खडगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### गोविंदोत्सव 17 को, तैयारियां शुरू

**डोंगरगढ़।** श्री गोविन्दा उत्सव को लेकर शहर में तैयारियां प्रारंभ हो गई है। पर्व को लेकर गत दिनों गट्टानी भवन में महंत साकेतबिहारी दास के सानिध्य में गोविंदा उत्सव कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धूमधाम से गोविंदा उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। मंदिर के संचालक एवं पुजारियों ने बताया कि आगामी 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाया जाएगा। जन्माष्टमी के दूसरे दिन 17 अगस्त को श्री गोविन्दोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। अनिल गट्टानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वनाथ यादव, शरद अग्रवाल, किशोर साखरे, जितेन्द्र भाटिया, रामजी तराने, चेतन अग्रवाल, छेदुलाल अग्रवाल, राहुल यादव, बबलू शांडिल्य आदि शामिल हुए। गोविंदोत्सव समिति के अध्यक्ष श्री गट्टानी ने नागरिकों से धार्मिक उत्सव में शामिल होने का आव्हान किया है।

### विकृत प्रतिमा नहीं बनाने का आव्हान

**डोंगरगढ़।** विहिप और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने गणेशोत्सव पर्व को लेकर नगर की कुम्हार बस्ती में जाकर संपर्क किया और सभी मूर्तिकारों से भगवान गणेश की प्रतिमा सम्मानजनक व परंपरागत रूप से बनाने का निवेदन किया जिससे सनातन धर्म का मजाक न बनें। देखा गया है कि गणपती बप्पा की मूर्ति हीरो हीरोइन या कार्टून के रूप में बनाकर अपमान किया जाता है। बजरंगियों की टोली में शामिल बालमुकुंद तराने, ऋषभ डकहा, गौरव अग्रवाल, दुर्गेश सिन्हा, अभिषेक साहू, तरुण ठाकुर, भूपेंद्र साहू, कोमल महोबिया, चिरंजीव निषाद, प्रतिक राव सेदरे ने भ्रमण कर कुम्हारों को समझाइश दी।



### राजस्व रिकार्ड में सुधार की मांग

**डोंगरगढ़।** छुरिया ब्लाक के ग्राम भेजराटोला के किसान बीते 5-7 वर्षों से एग्रीस्टैक पोर्टल सुधारने की मांग कर रहे हैं किन्तु अब तक सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि विकासखण्ड में दो भेजराटोला हैं। एक भेजराटोला रानिमं खोभा के अधीन है तो दूसरा भेजराटोला ग्राम पंचायत हालाडुला में आता है। दोनो ग्राम का खसरा नंबर अलग-अलग है। छुरिया के निकटवर्ती भेजराटोला का विवरण कुमरदा तहसील में दिखाई देता है तो कुमरदा तहसील के भेजराटोला का विवरण छुरिया तहसील में दिखाई देता है। इस त्रुटि के कारण किसान आईडी कार्ड या पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। सोसायटी में भी पंजीयन नहीं हो पाया है। किसानों ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम को जानकारी भेजकर सुधार कराने की मांग की है। यह जानकारी कलीराम चंद्रवंशी, मदन नेताम ने दी।

### ओबीसी सम्मेलन में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़।** टालकाटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस ओबीसी लीडरशिप भागीदारी न्याय सम्मेलन में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने भाग लिया। श्री लोधी ने कहा ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है तो नीति और सत्ता में भी 50 फीसदी भागीदारी होना चाहिए। उन्होंने जातिवार जनगणना, राजनीतिक आरक्षण लागू करने और रोजगार- शिक्षा में अवसर देने की मांग रखा। उन्होंने कांग्रेस को राजनीतिक शक्ति बताते हुए कहा कि उसने सामाजिक न्याय को एजेंडे का हिस्सा बनाकर वंचित वर्गों को ताक़त दिया है। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### श्रद्धालुओं ने किया शिवमहिमा का रसपान



**डोंगरगढ़।** छीरपानी प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय पंचकुण्डीय रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन भगवान पशुपतिनाथ के प्राकट्य प्रसंग का श्रद्धालुओं ने श्रवण किया। भागवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने कथा का रसपान कराते हुए बताया कि पशुपतिनाथ काम, क्रोध, लोभ, अहंकार से बंधे जीवों को बंधनों से मुक्त कर मोक्ष प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि पशुपतिनाथ केवल देवों के नहीं अपितु समस्त प्राणियों के स्वामी हैं। उन्होंने पशुवृति से ग्रसित जीवों को बंधन से मुक्त करने के लिए पशुपति रूप में प्रकट लिया था। इस दौरान त्रिपुरासुर वध, चिताभस्म से विभूति धारण करने की परंपरा और शिव भक्ति से जीवन की मुक्ति जैसे विषयों का वाचन किया गया। इस मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने उपस्थिति दर्ज कराया। समापन बेला में आयोजन समिति ने सभी धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने विवि में शिक्षा समिति की बैठक

**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विवि में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा समिति की बैठक में शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। विवि के विभिन्न विभागों के अधिष्ठाता, प्रभारी कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो की मौजूदगी मे आयोजित बैठक में समिति द्वारा विवि सहित संबद्ध महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही अध्ययन-अध्यापन में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने सहित अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया। संगीत संकाय, चित्रकला संकाय और कंप्यूटर सेंटर में छैमाही कोर्स शुरू करने, के साथ ही शोधार्थियों की सुविधाओं पर विशेष चर्चा की गई। 12 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान करने, विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में होने वाली परीक्षाओं को समय पर आयोजित करने, समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करनेचर्चा की गई ताकि विद्यार्थियों को आगामी सत्र में प्रवेश के लिए परेशान न होना पड़े। कोविड-19 और पारिवारिक समस्या के कारण निर्धारित सत्र में अपना कोर्स पूरा नहीं कर पाने वाली थियेटर विभाग की छात्रा मेघा श्यामकुंवर के आवेदन पर कोर्स पूरा करने अतिरिक्त समय के रूप मे विशेष अनुमति दी गई। इसके साथ ही कथक विभाग की सहायक प्राध्यापक के पदोन्नति संबंधी आवेदन को परीक्षण उपरांत सही पाने पर पदोन्नति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा समिति सदस्यों द्वारा विवि के हित में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सार्थक निर्णय लिया गया।

### शहर की सड़कें खस्ताहाल, मरम्मत कराने में लापरवाही

# सड़क पर लगाया थरहा, नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर की खस्ताहाल मेन रोड की मरम्मत कराने की मांग को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में नागरिक संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने लोक निर्माण विभाग के सब डिवीजन कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने घेराव के पूर्व सड़क पर धान का रोपा लगाया।

उल्लेखनीय है कि नगर की मेन रोड में जगह जगह गढढे हो गए है। मेरेगांव से राजीव गांधी चौक, लाल भीष्मदेव शाह चौक, शहीद चौक, अस्पताल तिराहा, मां दंतेश्वरी मंदिर, पीमएम श्री स्कूल, कालेज रोड, परमेश्वरी नगर तक मार्ग की हालत काफी खराब हो गई है। सड़क में कई जगह डामर व गिटटिया उखड़ कर बाहर आ गई है। खस्ताहाल मेनरोड के मरम्मत की मांग को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के समर्थकों ने नागरिक सघंर्ष मोर्चा की अगुवाई में सब डिविजन कार्यालय का घेराव किया। सब डिवीजन कार्यालय के सामने नगर अध्यक्ष के समर्थकों ने आधे घंटे जमकर नारेबाजी करते हुए गढढो में तब्दील हो चुकी मेनरोड को भरने एवं सडक को दुरूस्त करने की मांग किया। प्रदर्शन के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने विभाग के ईई के नाम पर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान रमेश त्रिपाठी, पन्ना कुंजाम, शमीमुद्दीन कुरैशी, विनोद डेहरिया, उमाशंकर निषाद, मुरारी श्रीवास्तव, अजय अग्रवाल, राजेन्द्र मंडावी, आकाश कसार, प्रमोद ठलाल, डिलेन्द्र देवागंन, तुरीत प्रसाद, पिंटू तिवारी, रामस्वरूप यादव, योगेन्द्र मिश्रा, महेश निषाद, रामचरण सारथी, विक्की नायक, रिनी पोरेटी, रेहाना बेगम, रजिया बेगम, शोभा भोयर, शमा कुरैशी, मुस्कान पारेटी, शिवम बाजपेयी, बाबू दुबे, अमन डोंगरे, अतीक कुरैशी, राजू सारथी, मयाराम कौशिक, रामसिंह सारथी, रोहन कसेर, भोला निषाद, नीरज निषाद, राज पटेल, विकास पटेल, खेमचंद पटेल, रवि यादव, शेखर रजक, लोकेश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



#### गड्ढों में रोपा धान का थरहा

घेराव से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी अपने समर्थको के साथ राजीव गांधी चौक पहुचे। यहां गढढों में धान की थरहा की रोपाई कर प्रदर्शन किया। नागरिक संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता अपने साथ बोरियो में धान का थरहा लेकर पहुंचे थे। यहां कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ट्राफिक को नियंत्रित करने पुलिस को काफी पसीना बहाना पड़ा।

#### प्रदर्शन के दौरान मरम्मत

प्रदर्शनकारी जब मेन रोड पर थरहा लगा रहे थे तब विभाग के परमानेंन्ट गेंग के लेबर बोरिया में गिटटी एवं डस्ट गढढो में भर रहे थे। कर्मचारियो ने राजीव गांधी चौक से लाल भीष्मदेव शाह चौक तक डस्ट से गढढों को भरा।

#### एसडीओ कार्यालय में नारेबाजी

पीडब्लूडी एसडीओ कार्यालय का घेराव करने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके समर्थकों ने लोक निर्माण विभाग की उदासीनता को लेकर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी इस बात से नाराज थे कि ज्ञापन लेने के लिए एसडीओ कार्यालय में कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। प्रदर्षनकारियो को अपना ज्ञापन विभाग के लिपिक तीरथ ध्रुवे एवं पुलिस को सौंपा।सबडिविजन क्रमांक एक में पदस्थ उपयंत्री पीएन चन्द्रवंशी क्वाटर में मौजूद रहने के बाद भी ज्ञापन लेने नहीं आए। लिपिक ने प्रदर्शन की सूचना देते हुए ज्ञापन लेने बुलाया तो भी वह नहीं आए। उपयंत्री के नहीं आने पर प्रर्शदनकारियों ने नारेबाजी करते हुए उन्हे से हटाने की मांग की।



## बिहान योजना से महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर: किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

■ सलाना अधिवेशन का आयोजन

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने बापूटोला में आयोजित बिहान समूह के वार्षिक अधिवेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी, जनपद सदस्य रेखा गंधर्व उपस्थित थी। शुरुआत में छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि बिहान समूह की शुरुआत 2011 तत्कालीन मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ने किया है। यह समूह महिलाओं को सशक्त बना रहा है। राज्य आजीविका मिशन के तहत समूहों को कम ब्याज पर लोन उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। समूह की महिलाएं अगरबत्ती, मोमबत्ती, मिर्च-मसाले, आइसक्रीम, जूस, दोना पत्तल, गौठान में खाद बनाना आदि कार्य कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। महिलाओं को जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा, जिपं सभापति श्रीमती मंडावी एवं जनपद सदस्य गंधर्व ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उत्तरा निषाद, नैनसिंह पटेल, शकुन गंधर्व, लीलाबाई नेताम, इंदिराबाई, लता सहारे, दुर्गा सिन्हा, रशीदा सुल्ताना समेत अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## स्टेट हाईवे के डिवाइडर में घुसा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्टेट हाइवे पर टुकड़ो में बन रहा डिवाइडर आम लोगों के साथ वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गया है। खाली जगहों पर संकेतक नहीं होने से छोटे बड़े वाहन आए दिन डिवाइडर में घुस कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

निर्माण शुरू होने के बाद विवादित स्टेट हाइवे चौडीकरण कार्य के साथ शहर सीमा में दोनों तरफ नाली और बीच में डिवाइडर बनाना था। राजनांदगाँव की ओर तिगाला पेट्रोल पम्प तक नाली और डिवाइडर बनाया जा चुका है। अंबागढ़ चौकी की ओर गाँधी पेट्रोल पम्प तक नाली निर्माण प्रगति पर है। बाहुबली हार्डवेयर से शनि मंदिर तक न डिवाइडर बना है और न नाली बनने के आसार दिखाई दे रहे हैं।



#### संकेतक नहीं होने से दुर्घटना

तीन किमी के दायरे मे विभिन्न स्थानों पर क्रासिंग छोड़ा गया है। जहां जहां क्रासिंग छोड़ा गया है वहां सुरक्षा के लिहाज से संकेतक नहीं लगाया है। संकेतक के आभाव में भारी एव छोटे वाहन अक्सर डिवाईडर में घुस जाते है। हाल ही में तेंदुपत्ता गोदाम के पास एक ट्रक डिवाइडर में घुस गया। इसके पहले एक पूर्व पार्षद की कार डिवाइडर में घुस गई थी। बीते तीन सालों में कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ ही लोग भी चोटिल हो चुके हैं।

## स्कूल बने तालाब, भीगते हुए जाते हैं बच्चे

■ सिर पर बैग रखकर स्कूल जाते हैं बच्चे

■ व्यवस्था सुधार पर ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत आने वाले मुढ़ीपार सहित अन्य गांवों के स्कूलों में बरसात के दिनों में पानी भर जाता है जिससे बच्चो को कक्षा तक जाने में परेशानी होती है। पूर्व माध्यमिक शाला करेला की स्थिति बहुत खराब है।

बरसात होने पर स्कूल प्रागंण में लगभग तीन फीट तक पानी जमा हो जाता जिससे बच्चों को बैग को सिर में रखकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। ऐसी हालत ब्लाक के दर्जनो स्कूलों में देखने मिलती है।



#### भवनों की जर्जर हालात

जानकारी के अनुसार पुराना करेला, नया करेला, भंडारपुर, जुरलाकला, प्रकाशपुर, दैहान, गुमानपुर, टेकापार, टोलागांव सहित अन्य ग्राम के स्कूल भवन ऐसे नहीं है कि बच्चे बैठकर पढ़ाई कर सकें। कुछ भवन तो मरम्मत के लायक भी नहीं है। भवनों की हालत से शिक्षक कई बार विभाग को अवगत करा रहे हैं किन्तु विभाग उदासीन बना हुआ है। जानकारी के अनुसार विकासखंड के अंतिम छोर में होने का नुकसान करेला, भंडारपुर, दैहान सहित अन्य गांव के लोगो को नुकसान झेलना पड़ रहा है।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विकास सिंह पिता रमेश सिंह निवासी प्रतापगढ़ थाना कोतवाली उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी के साथ 2020 में फेसबुक के माध्यम से जान पहचान हुई थी। बातचीत एवं मिलने-जुलने के बाद दोनों विवाह के लिये तैयार हो गए थे। जुलाई 2023 में आरोपी एवं पीड़िता मंदिर आए थे। दोनों दो दिन लाज में रूके थे। उसी दौरान आरोपी ने पीड़िता से शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। गत 7 सितम्बर 2024 के बाद से आरोपी कहासुनी होने के बाद से लड़ाई-झगड़ा करने लगा एवं शादी करने से टाल-मटोल करने लगा। महिला की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली जिला कोरबा ने अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की डायरी विवेचना हेतु डोंगरगढ़ भेजा। पुलिस ने धारा 69 बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के बैंगलुरू में होने का जानकारी मिलने पर उप निरीक्षक रामेश्वरी बघेल एवं टीम को भेजा। टीम ने आरोपी को पकड़कर थाना डोंगरगढ़ लाया गया।

## कारगिल के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ छात्र छात्राओं से राष्ट्र सेवा में तत्पर रहने का आह्वान

नेहरू महाविद्यालय में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाते हुए युद्ध में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में एनसीसी एवं एनएसएस इकाई ने किया था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन से हुई। तत्पश्चात प्राध्यापकों, कर्मचारियों और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कारगिल युद्ध में बलिदान देने वाले सैनिकों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गुलशन सिन्हा ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि, भारतीय सेना के पराक्रम और वीरता की गाथा को विस्तार से साझा किया। कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमें एवं नीलम चतुर्वेदानी ने युवाओं को वीर जवानों से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक दिन नहीं, बल्कि भारतीय सैनिकों की अटूट साहस, शौर्य और बलिदान की अमर गाथा है। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. आशा चैधरी, डॉ आरआर कोचे, ओमप्रकाश वर्मा, अविनाश सिंह, कर्मचारी केजी सोनकर, संदीप गजभिये, चित्रा खोबरागड़े, शैलेंद्र यादव, सुमेध डोंगरे, प्रीति सहारे सहित अन्य उपस्थिति थे। अंत में भारत माता के जयघोष किया गया।




### आचार्यश्री की शिष्या आदर्शमति माता विराजित

# चन्द्रगिरि में चातुर्मास कलश स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य के पहले श्री दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी में में समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका रत्न आदर्शमति माता ससंघ का चातुर्मास हो रहा है। रविवार को चातुर्मास कलश की स्थापना धूमधाम से किया गया।

कलश स्थापना के पहले सुबह 7 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आरती के बाद 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चरण चिन्ह का प्रक्षाल किया गया। इस दौरान अष्ट द्रव्य से सामूहिक पूजन एवं मंगल आरती की गई। दोपहर में आयोजित चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। आचार्य श्री के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। आचार्य श्री की पूजन में अर्घ्य समर्पण के लिए महिला मंडल एवं बाहर से आई महिलाओं ने सुन्दर द्रव्य की थाल सजाया था। सभी ने नृत्य के साथ गुरु के प्रति भक्ति प्रकट करते हुए बारी बारी से जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल आदि समर्पित किया।



#### बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति

इस दौरान प्रतिभास्थली की छात्राओं ने मनमोहक नाटक एवं नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। पालक भी अपने बच्चों की प्रस्तुति देखकर गदगद हुए। डोंगरगांव, राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, छुईखदान की महिलाओं ने उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में चंद्रगिरी के अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन, सुभाषचंद जैन, निर्मल जैन, राजकुमार जैन, दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, जयकुमार जैन, सुरेशचंद जैन, राजेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, नितिन जैन, निशांत जैन, राजेन्द्र जैन, सुशील जैन, सुनील जैन, राहुल जैन, निखिल जैन, सोपान जैन, अमित जैन, दीपेश जैन, नरेश जैन, सप्रेम जैन आदि मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### अनुयायियों ने मत्था टेककर किया दर्शन

**राजनांदगांव।** सदगुरु कबीर दर्शन यात्रा अंतर्गत प्रथम बार गत दिनों हरियाणा प्रांत के प्रतापगढ़ क्षेत्र से सद्गुरु कबीर पंथ अनुयायी के दर्जनों भक्तों ने सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में मत्था टेककर दर्शन व आरती-पूजन किया। सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम के गादीपति महंत सेवादास साहेब, महंत चुरामणि साहेब, जीवराखन साहू और ट्रस्टी के सम्मानित अध्यक्ष फलेश साहू, गोरखदास साहू, कौशल साहू, डेहरलाल सिन्हा, सूर्यकांत साहू, गुलाब दास साहू, जंत्री साहू, सावित्री साहू, अदिति साहू, गरिमा साहू ने अतिथियों का सम्मान किया। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम के प्रबंधक योगदास साहू ने दी।

### कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम की बात

**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के तहत रविवार को आम लोगों से रूबरू हुए। चकनार के बुथ क्रमांक 84 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर उनकी बातें सुनी। योजनाओ पर ग्रामीणों से चर्चा कर लाभ लेने प्रेरित किया।

### प्रशासन ने खाद उपलब्ध कराकर किसानों को किया शांत

# खाद के लिए सड़क पर आए किसान, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खाद की समस्या को लेकर सोमवार को वनांचल के किसानों ने जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा के नेतृत्व में पैलीमेटा में दो घंटे तक चक्का जाम किया। किसानों ने खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सड़क पर अपनी आवाज बुलंद किया। प्रदर्शन में प्रेमलाल साहू, लाल रोहित सिंह, धर्मेन्द्र मंडावी, ईश्वर यादव, राजेश पाल,अशोक साहू, संजू रजक, कासी राम, सहित सैकडो किसान शामिल हुए।

किसानों की समस्या को लेकर निर्मला विजय वर्मा ने बताया कि वनांचल के किसान खाद के लिए दर दर भटक रहे हैं। सोसायटी द्वारा मांग के अनुरूप डिमांड ड्राफ्ट भेजने के बाद भी पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। वही दुकानों में 1350 की यूरिया दो हजार तो 266 रूपए की यूरिया 5 से 6 सौ में बेचा जा रहा है। किसान खाद के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं। उन्हें यह आश्वासन देकर लौटा दिया जा रहा है कि खाद आने पर दिया जाएगा पर खाद पहुंच ही नहीं रही है। खाद की बढ़ती समस्या को लेकर किसान परेशान हैं। वनांचल के लोगों के लिए कृषि ही एक आय का साधन है। अगर फसल चौपट हो गई तो किसान कर्ज में डूब जाएंगे।



#### फसल हो रही खराब

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि धान के पौधा माह भर से अधिक का समय हो गया है। वर्तमान में खाद का छिड़काव करना आवश्यक है। खाद नहीं मिली तो फसल चौपट हो जाएगी। किसानों की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं है कि वह बाजार से दो गुना दाम पर खाद खरीद कर छिड़काव कर सके। किसानों की समस्या से अवगत होने के बाद भी सरकार और विभाग मौन है।

#### खाद उपलब्ध कराया गया

चक्काजाम के दौरान पुलिस एवं अधिकारी मौजूद थे। अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर ने किसानों की मांग को जायज ठहराते हुए तत्काल यूरिया खाद उपलब्ध कराया तथा डीएपी खाद शासन स्तर पर उपलब्ध नहीं होने पर उसकी जगह एसएसपी खाद उपलब्ध कराया तब कहीं जाकर किसानों का प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## सोसायटी में लगाया लाइन फिर किसानों ने किया प्रदर्शन

**छुरिया।** हरेली पर्व के साथ बोनी लगभग पूरी हो गई है। किसानों को वर्तमान में यूरिया खाद की तत्काल जरूरत है किन्तु पूरे क्षेत्र में अभी भी खाद की किल्लत बनी हुई है। वहीं इस कमी का कुछ लोग बेजा फायदा उठाते हुए कालाबाजारी कर अधिक दाम पर बेच रहे हैं।

समय पर यूरिया खाद नहीं मिलने से आने वाले समय में होने वाले नुकसान को देखते हुए किसानों के सब्र का बांध टूट गया। खोभा और आसपास के ग्रामों के हजारों किसान एक साथ सोसायटी पहुंचकर खाद की मांग करने लगे। सोसायटी प्रबंधक घनश्याम साहू ने बताया कि किसानों को खाद वितरण की सूचना नहीं दी गई थी। किसान स्वतः ही सोसायटी पहुंच गए थे। सोसायटी में शुक्रवार को यूरिया की 400 बोरी आई है लेकिन ऊपर से आदेश नहीं मिलने के कारण किसानों को नहीं दिया जा रहा है।



#### कम खाद मिल रही

सेवा सहकारी समिति खोभा के अध्यक्ष धन्ना यादव ने बताया कि यूरिया एवं अन्य खाद की कमी कृषि कार्य प्रारंभ होने के समय से है। उच्च अधिकारियों को खाद की कमी से अवगत कराया था। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल से भी बात करने पर उन्होंने एक दो दिन में दो ट्रक यूरिया खाद खोभा पहुंचने की जानकारी दी है। खाद पहुंचने के बाद वितरण किया जा सकेगा। वर्तमान में मौजूद 400 बोरी खाद बहुत कम है इसलिए वितरण नहीं किया जा रहा है। पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद का स्टाक होने के बाद ही वितरण किया जाएगा।

#### खाद नहीं मिलने से किसान दुखी


जय जवान जय किसान नारे के साथ किसानों की मांग को रखते हुए मदन नेताम ने कहा कि मई जून में किसानों के पास खाद पहुंच जाना था लेकिन सरकार खाद आपूर्ति नहीं कर पाई है। खाद के लिए नेशनल हाइवे पर धरना देने जा रहे किसानों से अधिकारियों ने कहा था कि धरना प्रदर्शन मत करो कुछ दिन में खाद मिल जायेगी, लेकिन आज पर्यन्त खाद नहीं मिलने से किसान दुखी है। किसान सोसायटी पहुंच कर अपनी पीड़ा अधिकारियों तक पहुंचाना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी में खाद की कमी है किन्तु दुकानों में खाद बेचा जा रहा है जो समझ से परे है। क्षेत्र के किसान अब खाद के लिए जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल और कलेक्टर से मिलने की तैयारी में हैं।

# सांस्कृतिक भवन में पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड 5 स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व लक्ष्मीचंद पारख सांस्कृतिक भवन में गंदगी फैली हुई है। पारिवारिक कार्यक्रमों के बाद जूठे भोजन, प्लास्टिक कचरे को मवेशी और कुत्ते अपना निवाला बना रहे हैं, जिससे उनके जीवन पर खतरा मंडरा रहा है।

जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले इस सांस्कृतिक भवन को नगर के एक व्यक्ति ने पारिवारिक कार्यक्रम के लिए लिया था। कार्यक्रम के बाद आयोजक ने बड़ी मात्रा में जूठे भोजन से भरे प्लास्टिक डिस्पोजल,पानी की बोतलें और अन्य सामान छोड़कर चला गया। इसी अपशिष्ट पदार्थ को गाय और कुत्ते अपना भोजन बन रहे हैं, जिससे उन्हें बीमारियां होने का खतरा बना हुआ है।



#### आम जनता भी दें ध्यान

भले ही नगर पंचायत भवनों के किराए के साथ सफाई शुल्क लेती है, लेकिन किराएदार और समाज की भी जिम्मेदारी है कि वह गंदगी का उचित प्रबंधन करें। शादी, शोक या अन्य कार्यक्रमों के दौरान निकलने वाले सभी प्रकार के कचरे को बोरे में भरकर भवन के सुरक्षित स्थान पर रखा जाना चाहिए। ऐसा करने से न केवल यह कचरा हवा में फैलेगा और सड़कों व नालियों में जाने से बचेगा, बल्कि जानवरों को भी इसे खाने से रोका जा सकेगा, जिससे उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा।

#### साफ कराया जाएगा

गंदगी को तुरंत साफ कराया जाएगा। सफाई के लिए कर्मियों को आदेशित किया है।

- **अविनाश देवांगन,** मुख्य नगर पंचायत अधिकारी

#### तीन दिन बाद भी सफाई नहीं

नगर पंचायत गंडई द्वारा सांस्कृतिक और मांगलिक भवनों को किराए पर देने के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसमें बिजली और सफाई शुल्क भी शामिल है। नियमतः भवन को किराए पर देने से पहले और कार्यक्रम के बाद उसकी सफाई करवाना नगर पंचायत की जिम्मेदारी है। आयोजन के तीन दिन बाद भी सांस्कृतिक भवन की सफाई नहीं कराई गई है, जो नगर पंचायत की लापरवाही को दर्शाता है। यह स्थिति न केवल जानवरों के लिए बल्कि आसपास के निवासियों के लिए चिंता पैदा कर रही है।

## बाह्य सुंदरता के साथ-साथ आंतरिक सुंदरता भी बढ़ाए

**राजनांदगांव।** जनशिक्षण संस्थान राजनांदगांव द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों के लिए प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज के नए भवन ज्ञान मानसरोवर में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते जनशिक्षण संस्थान के निदेशक झालम सिंह ने कहा कि सफल लाभार्थी, जिन्होंने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया हो, उन्हें जीवन में आगे बढ़ने तथा जीवन में आने वाली चुनौतियों से निपटने अपने मनोबल में वृद्धि करना चाहिए तथा अपने मानसिक बौद्धिक विकास के जीवन में आध्यात्मिकता को अंगीकार करना चाहिए। इसके लिए ही आज का आयोजन ब्रह्माकुमारीज के इस प्रांगण में किया गया है।

मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने महिलाओं से कहा कि आप सबने ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण पत्र प्राप्त करने यहां आए हैं। ब्यूटी पार्लर द्वारा हम अपने वाह्य सुंदरता को निखारते हैं। जिससे हम वर्तमान से और अधिक सुंदर लगे, परन्तु आज आवश्यकता है वाह्य के साथ-साथ आंतरिक सुंदरता को निखारने की। वाह्य सुंदरता का संबंध तन से है। जबकि आंतरिक सुंदरता का संबंध मन से है, जब हम अपने मन को सुंदर बना लेते हैं तो हमारे जीवन में सुख-शांति आने लगती है। जिसके लिए हम सबको राजयोग का अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने सबको राजयोग मेडिटेशन कराकर सबको शांति की अनुभूति कराई। इसके बाद सबको प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा ईश्वरीय प्रसाद भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने किया। इस अवसर पर भागवत कुंभकार, ओंकार प्रसाद, वीणा साकुरे, अंबिका निर्मलकर, मुरलीधर सोमानी, अर्जुन भाई, रूपेश्वर भाई सहित अन्य ब्रह्माकुमारी बहने उपस्थित थी।

# घुमंतू मवेशियों से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

- कलेक्टर लगाई गुहार

घुमंतु मवेशियों से फसलों की सुरक्षा को लेकर किसानों की समस्या बढ़ते जा रही है। सोमवार को सड़क अतरिया के सैकड़ों किसान कलेक्टर आफिस पहुंचे और घुमंतु मवेशियों की सुनिश्चित व्यवस्था करने तथा मवेशियों से फसल की सुरक्षा के लिए आवेदन सौंपा है।

किसानों ने बताया कि घुमंतू मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ रही है जो किसानों की फसल को चट कर रहे हैं। कुछ पशु पालक अपने मवेशियों को घर न ले जाकर खुला छोड़ देते जो फसलों को खराब करते हैं।

विगत दिवस जनपद मुख्यालय द्वारा सभी पंचायतों को सड़क से पालतु एवं घुमंतु मवेशियों को हटाने की जिम्मेदारी सौंपा गया है ताकि जन एवं पशु हानि पर रोक लगाया जा सके, परन्तु किसानों के फसल को बचाने की योजना नहीं बनी है।



#### बढ़ रही मवेशियों की संख्या

क्षेत्र में ऐसा कोई गांव नहीं है जहां बेवारस मवेशियों का झुंड़ न हो। सभी गांव में दो से तीन दर्जन आवारा मवेशी का दल मौजूद हैं। अनुमान है कि पालतु मवेशियों से बेवारस मवेशियों का दल हो गया है। वही यह बात भी सामने आ रही है कि वर्तमान में कृषि कार्यों में आधुनिकता बढ़ते जा रही है जिससे पशुओं की उपयोगिता घट रही है। दूसरी ओर पशु पालकों का अपने मवेशियों से कम होता दिख रहा है जिसके चलते पशु मालिक अपने पशु को घर ले जाने दिलचस्पी नहीं दिखा रहें हैं।

#### गौठान में प्रबंध की मांग

ग्रामीणों की मांग है कि गांव गांव में बने कांजी हाऊस एवं गौठानों में चारा, पानी तथा बारिश में सुरक्षित रखने की व्यवस्था कराया जाए ताकि घुमंतु मवेशियों को सुरक्षित रखा जा सके। कलेक्टर के आदेश के बाद अनुविभागीय अधिकारी गांव पहुंच कर पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया।

#### फसलों को कर रहे चौपट

खरीफ फसलों को माह भर से अधिक का समय हो गया है। खेतों में हरियाली छाई हुई है। ऐसे में दर्जनों घुमंतु मवेशी खेतों की ओर रूख करते हैं और फसलों को चट कर रहे हैं। गांव के देवकुमार, सुरेन्द्र जंघेल, बैजू राम आदि ने बताया कि दिन को बड़ी मुश्किल से फसल बचा पाते हैं। फसल की सुरक्षा के लिए दिन भर खेत की रखवाली करना पड़ता है। किसानों ने बताया कि दिन में जैसे तैसे फसल को बचा लेते हैं परन्तु रात में भी मवेशी का झुंड खेतों में घुस कर फसल को खा रहे है।

# सड़क किनारे से नाली गायब, बरसाती पानी जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार के नर्मदा कुछ वर्ष पहले साल्हेवारा मार्ग के दोनों किनारे पर लाखों की लागत से नाली निर्माण हुआ था जो अब लापता हैं, नतीजन सड़क किनारे पानी जमा हो गया है जिससे राहगीर, दुकानदार और ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

आगे मिली जानकारी अनुसार नर्मदा से साल्हेवारा मार्ग पहले काफी सकरा था। सड़क किनारे बरसाती पानी से भर जाता था। चौक के समीप भीड़ अधिक होने के कारण हमेशा हादसा का खतरा बना रहता था। विभाग द्वारा सड़क को चौड़ा कर दोनों छोर पर नाली का निर्माण किया गया था ताकि बरसाती पानी की निकासी हो सके और लोगों को परेशानी का सामना करना न पड़े। सड़क के दोनों किनारों में दुकानों की कतार है। जब नाली का निर्माण हुआ तब सड़क से दुकान जाने के लिए व्यवस्था नहीं बनाया गया। नाली की चौड़ाई अधिक होने से दुकानदार और ग्राहकों को काफी परेशानी होने लगी थी। कुछ दुकानदार और रहवासियों ने नीजि खर्च से आवागमन बना लिया। शेष बचे लोग परेशानी में घिरते गए। कुछ दिनों बाद पर परेशानी से घिरे लोगों ने नाली को पाट दिया। जिस वजह से बरसाती पानी का निकासी बंद हो गई।

#### परेशानी की अनदेखी

ग्रामीणों ने बताया कि विभाग की लापरवाही और कुछ लोगों की करतूत खामियाजा मोहल्ले के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। शिक्षक पुलेन्द्र जंघेल ने बताया कि विद्यालय के बच्चों को सड़क किनारे भरे पानी को पार कर स्कूल आना पड़ता है। कई बार छात्र फिसल कर गिर जातें हैं। चन्द्रेश निषाद ने बताया कि पानी निकासी नहीं होने से उसके घर व दुकान के सामने तालाब जैसा पानी जमा रहता है। समस्या की सुध कोई नहीं ले रहा है। इस संबंध में सरपंच वंदना लालचंद ने बताया कि सड़क किनारे बरसाती पानी भरने से लोग परेशान हैं। विभाग को इसकी जानकारी दिया गया है। पंचायत स्तर पर समस्या का हल नहीं निकल पा रहा है।

# केरोसीन की मांग बढ़ी, दुकानों में उपलब्ध नहीं

**सड़क अतरिया।** राशन दुकानों में लंबे समय से मिट्टी तेल नहीं मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में ऐसे बहुत से परिवार है जो भोजन पकाने के लिए लकड़ी, छेना, चूल्हा का उपयोग करते हैं। रौशनी के लिए चिमनी, लालटेन का उपयोग करते हैं जिसके लिए केरोसीन की आवश्यकता होती है। बरसात के दिनों में इसकी उपयोगिता और बढ़ जाती है। ग्रामीण क्षेत्र में बहुत से ऐसे परिवार हैं जिनकी आय सीमित होने से प्रति माह हजार रूपए का गैस सिलेंडर लेकर उपयोग करने सक्षम नहीं है ऐसे लोगों को चूल्हा जलाने के लिए मिट्टी तेल की जरूरत होती है। वर्तमान में कहीं भी इसकी उपलब्धता नहीं है। उचित मूल्य दुकान में कुछ लोग हर माह मिट्टी तेल के लिए पहुंचते हैं पर दुकान में उपलब्ध नहीं होने से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। गांव के मोहन, ननहऊराम, बिमला, बलीराम, बैसाखु आदि ने बताया कि बरसात में चूल्हा जलाने आदि के लिए मिट्टी तेल की जरूरत होती है पर राशन दुकान में उपलब्ध नहीं होने से परेशानी हो रही है। जानकारी अनुसार चकनार, संडी, मानपुर, खैरबना, घिरघोली सहित अन्य गांव की रारशन दुकान में लंबे समय से मिट्टी तेल उपलब्ध नहीं है। बिक्रेता राकेश कुमार, संतराम ने बताया कि मिट्टी तेल के दाम बढ़ने के बाद से इसकी मांग कम हो गई। हर माह कुछ ग्रामीण मिट्टी तेल लेने आते हैं पर उपलब्ध नहीं होने के कारण कई महिनों से वितरण नहीं किया जा रहा है।



## भूखे प्यासे रहने मजबूर मवेशी



**मुढ़ीपार।** यह तस्वीर खैरागढ़ ब्लाक के ग्राम मुढ़ीपार के कांजी हाउस की है जहां बेजुबान मवेशियों को अंदर रखा गया है किंतु यहां चारा पानी की व्यवस्था नहीं किया गया है। यहां बंद मवेशियों को छुड़ाने के लिए पंचायत द्वारा पशु मालिकों से शुल्क लिया जाता है जिसके बाद भी मवेशियों को भूखे प्यासे रखा जा रहा है।


### सिंचाई विभाग मरम्मत के नाम पर कर रहा खानापूर्ति

# नहर नाली फूटने से किसानों की फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

करवारी एनीकट से अछोली जलाशय बीच बनी नहर अछोली के कृषकों के लिए नासूर बन गई है। करवारी एवं टिकरापारा के पास नहर के बार-बार बहने के कारण अछोली एवं करवारी के किसानों की फसल खराब हो रही है। बार-बार नहर फूटने के बाद सिंचाई विभाग मरम्मत के नाम पर सालों से खानापूर्ति करते आ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार नहर फूटने के बाद काली मिट्टी से बांध दिया जाता है जो बारिश होने पर बह जाती है। बीते 4 सालों में नहर की 20 से 30 बार मरम्मत किया जा चुका है किन्तु उसकी स्थिति जस के तस बनी है। नहर मरम्मत के लिए अछोली के सरपंच नंदकुमार साहू ने सुशासन तिहार में भी आवेदन दिया था जिसके बाद सिंचाई विभाग ने जेसीबी से मिट्टी समेट कर नहर पर चढ़ा दिया था जो वर्तमान में पुनः बह गई है जिससे किसानों के खेतों में पानी भर गया है और फसल खराब होने के कगार पर हैं।



शुक्रवार से शनिवार देर रात हुई बारिश से विकासखंड के कई गांव प्रभावित हुए। रविवार को बारिश थमने के बाद जनजीवन सामान्य हुआ है और लोग बारिश से हुए नुकसान को दुरूस्त करने में लगे रहे। मोहारा क्षेत्र में थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम ने रेस्क्यु कर कुछ लोगो की मदद किया। बारिश से विधानसभा क्षेत्र के 30 से 35 गांव प्रभावित हुए है जिसमें ढारागांव, कोलेंद्रा, घोटिया सबसे ज्यादा प्रभावित हुए है। घरों में 3 फुट तक पानी भरने के कारण लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने बारिश से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और प्रभावितों को आर्थिक सहयता देने के रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है।

#### फसलें भी खराब

लगातार बारिश के कारण किसानों की फसल खराब होने की जानकारी मिली है। वहीं शहर के वार्ड सहित कई कालोनियों में पानी भरने के करण लोग अपने घर में ही फंसे रहे। क्षेत्र की नदी- नाले के उफान में होने के कारण आवागमन अवरूद्ध रहा। स्कूल-कॉलेज नही खुले। बारिश बंद होने के बाद बाढ का पानी कम हुआ है किन्तु गांव के मार्ग अभी भी नहीं खुले है।

जानकारी के अनुसार भारी बारिश के कारण घोटिया और कोलेद्रा क्षेत्र के ग्रामीणों ने ट्रेक्टर ट्राली, घरों की छत पर चढ़कर रात गुजारा।

#### आम सूचना

हम नवंरग चौहान एवं श्रीमती दक्षा चौहान निवासी चंद्रा कालोनी राजनांदगांव।

एतद् द्वारा यह उद्घोषित करते है कि हमारा पुत्र चंदन चौहान आयु 37 साल के द्वारा हमसे बगावती तेवर रखकर साल 2024 में हमारी सहमति बिना स्वयं अपनी मर्जी से खुशबू बावनकर नामक महिला से विवाह कर हमारे परिवार से एक तरफा संबध समाप्त कर अन्यत्र आबाद हो गया है और विभिन्न सम्पोषि तत्व के प्रभाव में आकर जबरन हमसे वाद-विवाद की स्थिति निर्मित कर व संपत्ति हडपने और क्षति कारित करने पर अमादा है हमें उससे आसन्न खतरा उत्पन्न हो गया है। अतः हम इस आमसूचना के प्रकाशन के माध्यम से अपने पुत्र चंदन चौहान व उसकी तथाकथित पत्नी से सभी प्रयोजन के लिए अपने सभी संबध समाप्त करते है। चंदन चौहान व उसकी पत्नी तथा उनके वारिसान को हमारी चल-अचल संपत्ति पर कोई हक व अधिकार नहीं रहेगा उन्हे हमारी निजी संपत्ति व व्यवसाय मे प्रवेश व उसके उपयोग व उपभोग का अधिकार भी नही है तदाशय की सूचना से शासन-प्रशासन को अवगत करा दिया गया है अतः अब इस आमसूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है हमारे द्वारा अपने पुत्र व पुत्रवधु को बेदखल किए जाने के उपरांत कोई व्यक्ति संस्था निकाय शासन-प्रशासन चंदन चौहान व उसकी पत्नी से हमारे पुत्र व पुत्रवधु के तौर पर व हमारे नाम से कोई संव्यवहार व सरोकार न करे अन्यथा ऐसे संव्यवहार के प्रति हमारी कोई भी विधिक देयता अथवा जिम्मेदारी नही होगी।

अतःसूचना जाने।

स्थान राजनांदगांव
दिनांक 28.07.2025

भवदीय
**नवरंग व दक्षा चौहान**
चंद्रा कालोनी राजनांदगांव
मोः 7000670026

## सार समाचार



### छात्रसंघ के पदाधिकारियो ने ली शपथ

**राजनांदगांव।** नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में छात्रसंघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संस्था पदाधिकारी एवं अंचल के शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, समीर पोद्दार, कुंतल बाजपेयी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य अंजुम जहान एवं प्रशासक जी.राम सिन्हा उपस्थित थे। करता है। छात्रसंघ पदाधिकारी के रूप में हेड गर्ल अवनी पांडे, हेड ब्वॉय हिमांशु जैन, अस्टिेंट हेड ब्वॉय संयोग दीक्षित, अस्टिेंट हेडगर्ल उपासना निर्मलकर, अनुशासन प्रियम बैस, तान्या साहू, सांस्कृतिक सचिव ईशिका अग्रवाल, मयंक बंजारे, श्रेया रॉय, खेल प्रभारी हर्ष ठक्कर, रूचि साहू, इको क्लब प्रभारी आदित्य अग्रवाल, भाव्या सिन्हा मनोनीत हुई। पूरब जैन, राजस्वी मानकर ब्लू (उन्नति) हाउस में, शौर्य अग्रवाल, ईशा उइके रेड (विजय) हाऊस में, मोनिश ठाकुर, सांची जैन यलो (लक्ष्य) हाउस में, पार्थ बैस, युक्ता साहू ग्रीन (निर्माण) हाउस में बतौर हाउस कैप्टन मनोनीत हुई है। इसी तरह अंग्रेजी लिटरेरी हेड पूर्वी बोरकर एवं हिन्दी लिटरेरी हेड डेजी मेश्राम बनी।

### कान्फ्लूएंस कॉलेज में मना हरेली तिहार

**राजनांदगांव।** कान्फ्लूएंस महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस सेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार



हरेली का आयोजन किया गया। उक्त पर्व में महाविद्यालय के संचालक संजय अग्रवाल एवं विभिन्न प्राध्यापकों द्वारा विधि-विधान से कृषि औजारों एवं उपकरणों का पूजन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि हरेली तिहार छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन में रचा-बसा पर्व है, जो सदियों से पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। यह त्यौहार उस समय आता है, जब खेतों में बीज बो दिए जाते हैं और किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी वर्षा की प्रार्थना करता है। हरेली केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक परंपरा का जीवंत रूप है।

विभिन्न प्राध्यापकगण एवं छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के मनोरंजन प्रतियोगिताओं एवं खेलों में हिस्सा लिया। जिसमें जुड़ा बनाओ प्रतियोगिता में नेहा लकड़ा, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में श्रद्धा निषाद एवं सत्यम ओझा, सांस्कृतिक वेशभूषा में प्रेरणा रानी एवं तरुण, फुगडी प्रतियोगिता में वैशाली भारती एवं प्रेरणा, पारंपरिक लोकनृत्य तिव्या एवं ग्रुप प्रथम स्थान पर रहे।

### युगांतर के मानविक प्रिंस प्रतियोगिता में प्रथम

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के मानविक सेठिया ने प्रिंस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया



है। विगत दिवस गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में मानविक ने 4 से 9 वर्ष तक के आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते लगभग दो सौ बच्चों के बीच नगर में प्रथम स्थान अर्जित कर प्रिंस प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीती। उन्होंने आकर्षक पोशाक में प्रभावी कैट वाक कर यह उपलब्धि हासिल की। उल्लेखनीय है कि मानविक बहुमुखी प्रतिभा के धनी है। इसके पहले उन्होंने राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप के सब-जूनियर वर्ग में दो स्वर्ण पदक प्राप्त करते राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। संस्था प्राचार्य, हैड मिस्ट्रेस और प्रबंध समिति ने छात्र की इन उपलब्धियों पर बधाई दी है।

### छवि धूमिल करने का आरोप, जांच की मांग

**राजनांदगांव।** जोगी कांग्रेस युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम ने छवि धूमिल करने का आरोप लगाते सरकारी शराब दुकान के सुपरवाईजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कार्रवाई को लेकर बसंतपुर थाना में ज्ञापन भी इस बाबत सौंपा है। मिली जानकारी के अनुसार शमसुल आलम द्वारा सौंपे गए पत्र में उन्होंने शिकायत की है कि फ्लाइंग स्कॉड द्वारा चिखली स्थित शराब दुकान में छापेमारी कार्रवाई की गई थी। जिसमें सुपरवाईजर धनपत ध्रुव भी शामिल था। अखबारों में भी इस संबंध में खबरें प्रकाशित की गई थी। जिसके आधार पर ही उन्होंने धरना-प्रदर्शन किया था, लेकिन धनपत ध्रुव ने अपने साथियों एवं राजनीतिक आकाओं के इशारे पर उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की। यही कारण है कि उनके खिलाफ जांच के बाद दंडात्मक कार्रवाई की मांग उन्होंने की है।

### गरीबों के धंधे पर चला रही बुलडोजर : कन्नौजे

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने जारी बयान में कहा कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को भेदभाव व गरीबों पर अत्याचार निरूपित किया है। उन्होंने कहा कि बरसात में चिड़ियों का घोसला तक नहीं उजाड़ा जाता, चीटियों के बिल तक बंद नहीं किए जाते, ऐसे में भाजपा सरकार नगर निगम के माध्यम से बड़ी संख्या में गरीबों के धंधे पर बुलडोजर चला रही है। श्री कन्नौजे ने कहा कि इस पाप की सजा भाजपा को आज नहीं तो कल ले डूबेगी। भाजपा सरकार की इस दुर्भावना पूर्ण कार्रवाई से बहुत से गरीबों के घर शोक की स्थिति में है। उनका घर कर खर्च चलना मुश्किल हो रहा है। इसके जवाबदार नगर निगम प्रशासन ही नहीं पूरी भाजपा सरकार गरीबों के धंधे तो उजाड़ दिए, लेकिन नगर निगम ने उन्हें व्यवस्थापन नहीं दिया। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक आघात भी लगा है। बहुत से परिवार धंधा उजड़ने से सदमे में जी रहे हैं कि आगे क्या करेंगे? घर खर्च कैसे चलेगा? कई दुकानदारों के सामान रह गए हैं। वे खराब हो रहे हैं। नगर निगम को अतिक्रमण अभियान चलाना ही था तो गरीबों को क्यों चुना गया, क्या इस शहर में धनपतियों के अतिक्रमण नहीं है। अगर दो चार धन्ना सेठों के पक्का निर्माण अगर तोड़ देती तो इसे निगम प्रशासन और भाजपा सरकार की बहादुरी मानी जाती है, लेकिन कमजोरों को सताना, कमजोरों पर अत्याचार करना भाजपा की फितरत में है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, पहले भी जब निगम और राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब भी सैकड़ों गरीबों के मकान व दुकान तोड़कर उन्हें जीवनभर के लिए आघात दे दिया था। अब वही पुनरावृति हो रही है। धन्ना सेठों के अतिक्रमण पर बाल बांका भी नहीं हो रहा है। कांग्रेस गरीब व्यवसायियों के खिलाफ की जा रही दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई का प्रबल विरोध करती है। वहीं कांग्रेस अतिक्रमण विरोधी अभियान दीपावली तक रोक देने की मांग करता है।

# कांग्रेस की विचारधारा से जोड़े, जमीनी कार्यकर्ताओं को लाए आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिले में बनाए जाने वाली सेक्टर एवं मंडल समिति को लेकर प्रभारी श्रीमती अनिला भेड़िया ने जिला संगठन की बैठक ली। इस बैठक में ब्लॉक प्रभारी भी उपस्थित रहे, जिन्हें नियमानुसार मंडल एवं सेक्टर समिति का गठन करने के निर्देश दिए गए।

28 जुलाई को शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक आयोजित की। बैठक की जानकारी देते शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि उदयपुर में आयोजित संकल्प शिविर में पारित अध्यादेश के तहत संगठन को जमीन स्तर पर मजबूती प्रदान करने 'वर्ष 2025 सृजन संगठन को मूल उद्देश्य बनाते मंडल और सेक्टर समितियों का पुनर्गठन करना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा राजनांदगांव जिले में 8 मंडल प्रभारी की नियुक्ति की है। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विधायकगण दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक प्रत्याशी गिरीश देवांगन, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, श्रीकिशन खंडेलवाल, पीसीसी महासचिव शाहिद खान ने कई अहम सुझाव बैठक में रखे।

#### शीघ्र नियुक्ति

इससे पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्वागत भाषण देते कहा कि विगत दिवस उदयपुर में आयोजित संकल्प शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत मंडल व सेक्टर समितियों का पुनर्गठन करना है। जल्द ही मंडल व सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी।



#### संगठन को मजबूत बनाना लक्ष्य : अनिला

पूर्व मंत्री व जिला प्रभारी अनिला भेड़िया ने कहा कि यह वर्ष सृजन संगठन के तहत मनाया जा रहा है। जिसमें संगठन को आने वाले समय में मजबूत बनाना और मंडल व सेक्टर कमेटी का गठन करना। जिसके लिए वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन व संगठन के लिए समर्पित जमीन कार्यकर्ता को आगे लाना और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना है ।

#### मंडल प्रभारी नियुक्त

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि पीसीसी के आदेशानुसार राजनांदगांव जिला ग्रामीण वरिष्ठजनों के साथ जल्द ही मंडल व सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी। बैठक में पीसीसी से मंडल प्रभारी नियुक्त किए हैं। जिसमें उत्तर मंडल नीता लोधी, दक्षिण ब्लॉक हनी ग्रेवाल, राजनांदगांव ग्रामीण महेन्द्र यादव, डोंगरगांव नगर चुम्मन साहू, डोंगरगांव ग्रामीण रमेश खंडेलवाल, छुरिया प्रभारी वीरेन्द बोरकर, डोंगरगढ़ नगर मेहुल मारू, घुमका शाहिद खान, कुमर्दा संध्या साहू, लालबहादुर नगर विपिन यादव को प्रभारी नियुक्त किया है।

## पूर्व सांसद अभिषेक ने दिव्यांगों की प्रतिभा को किया सम्मानित

# दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने पर्पर फेयर के तहत बना मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार सीआरसी सेंटर ठाकुरटोला में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के मुख्य आतिथ्य में पर्पल फेयर का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें दिव्यांगजनों को अपने कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करने कौशल विकास के अवसर प्रदान करने एवं विभिन्न हितधारकों से जुड़ने का एक समावेशी मंच प्रदान करने की दिशा में आयोजन सफल साबित हुआ।

दिव्यांगजनों के इस मेले में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, समाजसेवी सरदार बलदेव सिंह भाटिया, पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत उपस्थित थे।

सीआरसी सेंटर के प्रबंधक ने बताया कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने सीआरसी सेंटर के इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन से आने वाले समय में दिव्यांगजन अपने रोजगार के लिए कहीं नहीं भटकेंगे, क्योंकि उन्हें एक सशक्त मंच उपलब्ध हो चुका है।



#### छत्तीसगढ़ व्यंजनों की रही धूम

कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, कमल सॉल्वेंट के श्री मूंदड़ा, शारदा तिवारी, राजकुमार शर्मा, सुनील बरडिया, संस्था निर्देशक स्मिता महोबिया एवं स्थानीय स्तर पर कई दानदाता मौजूद थे। कार्यक्रम में शहर एवं गांव से आए लोगों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त उठाया। जिसमें प्रमुख रूप से ठेठरी, एरसा को सभी ने पसंद किया और कुछ लोगों ने इसे घर के लिए पार्सल भी करवाया।

#### सहायक उपकरणों का वितरण

आज के इस मेले में एक ओर जहां दिव्यांगजनों के लिए रोजगार देने का आयोजन किया गया था। वहीं सहायक उपकरणों का वितरण भी किया गया एवं सरकारी योजनाओं एवं प्रकाशनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। दिव्यांग क्लब, गैलरी के माध्यम से दिव्यांगजनों को सकारात्मक संदेश भी दिया गया। साथ ही मनोरंजन खेल एवं गतिविधियां भी संपन्न हुई। भोजन स्टॉल के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी इस मेले में किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा 100 से अधिक उपकरण व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, कमर का बेल्ट, श्रवण यंत्र इत्यादि का वितरण दिव्यांगजनों को किया गया।

#### खेलकूद प्रतियोगिता भी

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आज के संयोजन में प्रमुख रूप से अलग-अलग संस्थाओं ने स्टॉल भी लगाए थे। जिसमें से आकांक्षा स्पेशल स्कूल रायपुर, नई दिशा संस्था हैदराबाद एवं लायंस क्लब द्वारा भी स्टॉल लगाया गया। साथ ही शासकीय स्कूल सोमनी द्वारा लगाई गई विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी। पर्पल फेयर के इस प्रेरणादायक आयोजन की अतिथियों ने प्रशंसा की।

### दूसरों की खामियां देखना छोड़ भीतर के अवगुणों को दूर करो

**राजनांदगांव।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य जैन मुनि वीरभद्र ने आज यहां पारिवारिक विवाद और परिवार के विघटन के बारे में कहा यह सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि लोगों के पास सहन शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि मोक्ष पाने का सबसे सरल उपाय यही है कि आप सभी का सभी कुछ सहन कर लो।



जैन बगीचा स्थित नए हाल में अपने नियमित प्रवचन में वीरभद्र ने कहा कि आज दुख का कारण भी यही है कि लोगों के पास सहन शक्ति नहीं बची है। ज्वाइंट फैमिली टूटने का कारण भी यही है। भाई-भाई के विचार नहीं मिल रहे हैं। आप केवल उपकार देखो, युद्ध मत करो अगर युद्ध करना ही है तो भीतर के दोषों और अवगुणों से युद्ध करो। हम भीतर के शत्रु को छोड़कर बाहर के शत्रु से लड़ने लगते हैं। भीतर के शत्रु से लड़ो और सभी दोषों और अवगुणों को बाहर कर दो।

मुनिश्री वीरभद्र ने कहा कि आत्म कल्याण के मार्ग में स्वार्थी बनो। यह देखो कि मेरा कैसा भला हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सोच में बदलाव आ गया है। परिवार में संवेदनशीलता नहीं रह गई है। एक-दूसरे की भावनाओं का हम सम्मान नहीं कर रहे हैं, इसलिए परिवार विघटित हो रहे हैं। किसी के ऊपर दोषारोपण ना करें। आप नहीं जानते एक दोषारोपण के कारण कितने लोगों को पीड़ा होती है, कितने आहत होते हैं।

### स्वच्छता समिति की बैठक आज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में कल 29 जुलाई को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

# स्कूलों की सुरक्षा को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

- राजस्थान जैसी दुर्घटना का न हो दोहराव : ऋषि शास्त्री

**राजनांदगांव।** राजस्थान में हाल ही में एक स्कूल में हुई दुखद दुर्घटना की पृष्ठभूमि में एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल ने स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई है। युवा नेता ऋषि शास्त्री के मार्गदर्शन में प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते शिक्षा विभाग को सतर्क और सजग रहने की मांग की है, ताकि राजनांदगांव जिले में ऐसी कोई घटना दोहराई न जाए।



प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कहा कि स्कूलों में मूलभूत सुरक्षा संसाधनों, भवन की स्थायित्व जांच, आपातकालीन निकास व्यवस्था, परिवहन की व्यवस्था और बच्चों की निगरानी व्यवस्था को लेकर तत्काल ठोस कदम उठाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में अभिमन्यु मिश्रा, राजा यादव, नेहा वैष्णव, उज्जवल निर्मलकर, आदित्य वैष्णव, ऋषभ निर्मलकर और रोहित उत्कल शामिल रहे।

प्रदेश सचिव राजा यादव और नेहा वैष्णव ने बताया कि आंकड़ों की माने तो केवल राजनांदगांव जिले में 530 स्कूलों में मरम्मत कार्य के प्रस्ताव भेजे गए, परंतु राशि स्वीकृत नहीं हो पाई है। साथ ही 30 से अधिक स्कूल भवन डिस्मेंटल करने की जरूरत है। 90 फीसदी स्कूलों में कक्ष की कमी है। साथ ही लगभग 400 स्कूल इस सत्र के शुरूआत होते ही बंद हो गई। ऋषि शास्त्री ने कहा कि शिक्षा सिर्फ पठन-पाठन तक सीमित नहीं है, बच्चों का सुरक्षित वातावरण देना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो एनएसयूआई बड़ा जन आंदोलन छेड़ेगी।

# आम आदमी पार्टी की विशेष बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेन्द्र तिवारी ने बताया कि कल 29 जुलाई को एक विशेष संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक सुबह 11 बजे सतनाम भवन नया बस स्टैंड के समीप आयोजित होगी। जिसमें पार्टी के प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

श्री तिवारी ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती, कार्य विस्तार और आगामी रणनीति को लेकर गहन मंथन किया जाएगा। यह बैठक पार्टी की एकता और भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

श्री तिवारी ने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं आमंत्रितजनों के लिए भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। आम आदमी पार्टी ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और समर्थकों से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय मेगा शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार समावेशी शिक्षा के तहत कल 29 जुलाई को दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैम्पस राजनांदगांव में किया गया है। शिविर में 94 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण का वितरण किया जाएगा।

साथ ही 73 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। शिविर में जिला चिकित्सालय के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. वीके बनर्जी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल महाकालकर, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. बीएल तुलाबी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भानुप्रिया चौधरी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश जंघेल द्वारा दिव्यांग बच्चों को चिकित्सकीय परीक्षण का प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। शिविर में सीआरसी राजनांदगांव के बच्चों के परीक्षण के लिए विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

इसी तरह दिव्यांग बच्चों के लिए 4 अगस्त को छुरिया विकासखंड, 6 अगस्त को डोंगरगांव विकासखंड एवं 13 अगस्त को डोंगरगढ़ विकासखंड में विकासखंड स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रथम चरण के शिविर के पश्चात शेष बच्चों के लिए माह सितम्बर 2025 में सभी विकासखंडों में दिव्यांगता चिन्हांकन एवं आंकलन के लिए द्वितीय चरण का शिविर का आयोजन किया जाएगा।

पृष्ठ 11 का शेष

#### एफसीआई के चावल में...

उसे मिलरों को सस्ते दर पर बेच जा रहा है। बदले में मिलर्स उन्हें कनकी और खंडा उपलब्ध करा रहे हैं। हरिभूमि ने नामी इथेनाल कंपनियों से जानकारी जुटाई है। जिसमें पता चला है कि एफसीआई ने प्रदेश के रायपुर, राजनांदगांव और बेमेतरा जिले के इथेनाल कंपनियों से चावल का टेंडर किया है। एफसीआई इथेनाल कंपनी को 2250 रुपए प्रति क्विंटल पर चावल उपलब्ध करा रही है। इस चावल को इथेनाल कंपनियां मिलरों से मुनाफा कमाकर 2650 रुपए तक बेच रही है। वहीं मिलर्स इसे खुले बाजार में 28 सौ रुपए तक मुनाफा कमा रही है। चावल की खरीदी के बाद मिलर्स कंपनियों को प्रति क्विंटल 2250 रुपए के दर से खंडा और कनकी उपलब्ध करा रही है। इस पूरे खेल में प्रति क्विंटल इथेनाल कंपनी को पांच सौ रुपए शुद्ध लाभ हो रहा है। इथेनाल कंपनियों के अस्तित्व में आने के बाद प्रदेशभर में मिलर्स और कंपनियों के बीच सिडिंकेट शुरू हो गया है।




## मोहारा शिवनाथ नदी से जल लेकर बर्फानी धाम पहुंची

# धूमधाम से निकाली डाक कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन पर्व के तीसरे सोमवार डाक कांवड यात्रा मोहारा शिवनाथ नदी से जल लेकर बर्फानी धाम मां पाताल भैरवी मंदिर पहुंची। इसी क्रम में हिंदू जागरण मंच ने नंदई चौक, गंज चौक एवं मानव मंदिर चौक में फूल बरसाकर डाक कांवरियों के साथ अन्य कांवरियों का स्वागत अभिनंदन किया। हिंदू जागरण मंच द्वारा डाक कांवड़िया के लिए रास्ते में जल की व्यवस्था भी की गई थी।

डाक कांवड बर्फानी धाम पहुंचने पर राजेश मारू ने पुष्प से स्वागत कर फलाहारी की व्यवस्था की गई। आयोजनकर्ता शिवगण मां पाताल भैरवी बर्फानी धाम से राजेश मारू, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लड्डा शामिल थे।



दूसरे सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राज बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन सिटी बजाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया एवं आगामी 4 अगस्त चौथे सोमवार को लोधेश्वर धाम ग्राम छिपा (मुसरा) मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर जाएगी। इस यात्रा में जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णण, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मुंदड़ा, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ल, महेश्ववर जंघेल, यस साहू, रितेश साहू, चंदन साहू, राहुल साहू, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, बेटी चेष्टा जंघेल, मिताली वर्मा, पूर्व जंघेल, भाटापारा उपसरपंच दीपक वैष्णव, अनुज, नितिन, दुर्गेश, दिव्यांश, कमलेश डड़सेना आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### डड़सेना कलार समाज का शिवमंदिर घोघरा कला धाम में रुद्राभिषेक संपन्न



**कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज द्वारा निर्मित शिवमंदिर घोघरा कला धाम में रुद्राभिषेक का कार्यक्रम मुख्य यजमान नारायण जायसवाल के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। पूजन पश्चात स्वर्गीय नंदकुमार जायसवाल के दिवंगत आत्मा के शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया तत्पश्चात प्रसाद एवं भोजन प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष ठाकुर राम जायसवाल अध्यक्षता, अति विशिष्ट अतिथि सनत जायसवाल, जिला संरक्षक गुलाब जायसवाल, धनीराम जायसवाल, सालिकराम जायसवाल, विशिष्ट अतिथि महामंत्री उमराव डड़सेना, उपाध्यक्ष आत्माराम जायसवाल, अवधराम जायसवाल एवं जिला के अन्य पदाधिकारी, पंडरिया एवं बोड़ला परिक्षेत्र के पदाधिकारी, मंदिर समिति के पदाधिकारी, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, अन्य जिला से भी अतिथि समेत कबीरधाम जिला के स्वजाति बंधु एवं मातृशक्ति माताएं हुए शामिल।

### नर्मदा का जल लेकर पहुंचे मां शारदा बोलबम समिति सुखाताल के कावड़ियों का हुआ भव्य स्वागत



**बरबसपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां शारदा बोलबम समिति सुखाताल जुन्नापारा के द्वारा अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर 40 कांवड़ियों का जत्था मैकल पर्वत श्रृंखलाओं के कठिन रास्ते से होकर नदी, नालों को पार करते हुए कावर लेकर सोमवार को ग्राम सुखाताल पहुंचे, ग्राम के हृदय स्थल मां महामाया प्रांगण में सत्येन्द्र वर्मा पूर्व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम, साथ में भागवत वर्मा, मधुसूदन वर्मा, अंगद वर्मा नेमराज वर्मा, अमर वर्मा, इतवारी साहू, मन्नू वर्मा, मनोज वर्मा सहित ग्रामवासियों के द्वारा बाजे गाजे फुल माला व श्रीफल भेंट कर भव्य स्वागत किया गया जिससे पूरा गांव बम बम भोले, हर हर महादेव के जयघोष से गूंजने लगा, यात्रा के प्रथम पड़ाव में अमरकंटक से लमनी, लमनी से खुड़िया, खुड़िया से डोंगरिया, डोंगरिया से कवर्धा के बूढ़ा महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर ग्राम सुखाताल पहुंचे गांव में पूजा पाठ कर ग्राम के प्रमुख गलियों में भ्रमण किया गया जहां जगह-जगह पर कांवड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत भी हुआ, भ्रमण पश्चात अंत में उक्त कांवड़ियों को महामाया मंदिर प्रांगण में खीर पूड़ी खिलाकर प्रसाद भी बंटवाया गया कांवड़ियों के टोली में प्रमुख रूप से छुम्मन वर्मा, अजय वर्मा, राजेन्द्र पाली, भागवत वर्मा, सत्यनारायण, अवकेश साहू, रामबिलास, विकास वर्मा, देवेन्द्र, रामलोचन, राजेंद्र यादव, समीर वर्मा, गोपी यादव, बलवीर यादव, गोपाल धुर्वे, गणेश यादव, धर्मेंद्र साहू, सहित कांवड़ियों की समिति की सदस्य लक्ष्य कुमार, नकुल वर्मा, धानेश्वर, सुनील, सुरेश साहू, सुखदेव यादव, तुलसी साहू साथ में उपस्थित थे।

### मोहतरा कला में श्री राम कथा अमृत वर्षा का आयोजन



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष अभी सावन माह में मां महामाया समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 8 दिवसीय संगीतमय में रामचरितमानस का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथा वाचक पूज्य आर्य त्रिपाठी 29 जुलाई 2025 से 2 अगस्त 2025 तक एवं कथा व्यास पंडित सागर मिश्रा महाराज मानस प्रवक्ता मेघनाथ शर्मा के द्वारा रामचरितमानस कथा कहेंगे यह कथा प्रारंभ दिनांक आज से 3 अगस्त 2025 तक आयोजन होने जा रहा है समय कथा का दोपहर 3:00 बजे से हरी इच्छा तक आप सभी ग्रामवासी के साथ-साथ आसपास ग्रामीण क्लब पहुंचकर श्री रामचरितमानस कथा का आनंद उठाये एवं समस्त ग्रामवासी अपने जीवन को कृथार्त करे।

### एक दिवसीय एनईपी संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन



**कवर्धा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के संदर्भ में अग्रणी महाविद्यालय शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा में एनईपी प्रकोष्ट के तत्वाधान एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय एनईपी संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के संकाय प्रभारी एवं एनईपी एम्बेसडर ने सहभागिता की कार्यशाला में स्त्रोत वक्ता के रूप में असित कुमार मिश्रा, सहायक प्राध्यापक, राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय, कवर्धा उपस्थित थे। स्त्रोत वक्ता असित कुमार मिश्रा ने एनईपी 2020 के महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विस्तार से जानकारी दी और नीति के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतिओ के समाधान हेतु महत्त्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये। स्नातक सेमेस्टर तृतीय में विद्यार्थियों को जनरल इलेक्टिव जीई और डिसिप्लिन स्पेसिफिक एलेक्टिव डीएसई चयन में संभावित समस्याओ और उसके समाधान के विषय में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनईपी प्रकोष्ट के संयोजक डॉ दीप्ती जांगड़े, सदस्य डॉ अनिल शर्मा, मनसुख लाल वर्मा, दीपक देवांगन, नरेन्द्र कुमार कुलमित्र सभी संकाय प्रभारी एवं अतिथि व्याख्याता सहित महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ट के सदस्य मुकेश कमले ने की।

### छग सरकार आस्था, परंपरा और विरासत के लिए प्रतिबद्ध : साय

# विधायक भावना बोहरा और कावड़ियों का सीएम, विस अध्यक्ष ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के खजुराहो के नाम से प्रसिद्ध तीर्थस्थल भोरमदेव मंदिर में सावन माह के तीसरे सोमवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह,उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मंदिर में जलाभिषेक करने पधारे कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया जिससे पूरे क्षेत्र में एक अद्भुत और अलौकिक दृश्य देखने को मिला। श्रद्धालुओं पर गेंदे और गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की गई जिससे उत्साहित सभी शिवभक्तों द्वारा बोल बम के जयकारों और हर-हर महादेव की गूंज से वातावरण शिवमय हो गया। इस दौरान मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और द्वय उप मुख्यमंत्री ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा छत्तीसगढ़ की खुशहाली और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि हेतु माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करने हेतु उनका अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं ने इस अनूठी पुष्पवर्षा को अद्वितीय अनुभव बताया और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की इस पहल की सराहना की। भोरमदेव में शिवभक्ति और जनसहभागिता का यह अद्भुत संगम लंबे समय तक लोगों के मन में बसा रहेगा। इस अवसर पर भक्तों का भारी हुजूम मंदिर और उसके आसपास के इलाकों में देखा गया। भगवा वस्त्रों में सजे कांवड़ियों के जत्थे ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और श्रद्धा से भर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आस्था, परंपरा और विरासत के सम्मान और संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है।

उसी क्रम में अटूट श्रद्धा और समर्पण की प्रतीक, पावन कांवड़-यात्रा के सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोरमदेव तीर्थ स्थल के संरक्षण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु 146 करोड़ से भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है, जिससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों के लिए नई सुविधाओं का निर्माण होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भगवान शिव के प्रति लोगों की अटूट आस्था और भक्ति देखकर मन प्रसन्न हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को सम्मानित करने और उनकी यात्रा को सुखद बनाने का प्रयास किया है। कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा एक ऐतिहासिक क्षण है, हमें खुशी है कि हम इस आयोजन का हिस्सा बने।

### सनातन संस्कृति के इस महापर्व में यह सराहनीय प्रयास : विधायक भावना



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनकी सेवा एवं स्वागत करने का सौभाग्य मिलना स्वयं भगवान भोलेनाथ की सेवा करने का अवसर है। उन्होंने आगे कहा कि मैं मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, विजय शर्मा का हार्दिक अभिनंदन करती हूँ कि हमारे कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों की आस्था और सनातन संस्कृति के इस महापर्व में यह सराहनीय प्रयास किया है। आज इन श्रद्धालुओं और कांवड़ियों पर जब पुष्प वर्षा हो रही थी, तो ऐसा लग रहा था जैसे स्वयं प्रकृति भारत की सनातन आस्था और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नमन कर रही हो। यह दृश्य हर्षित और मन को प्रफुल्लित करने के साथ ही हमारे सनातन संस्कृति और धार्मिक आस्था के प्रति गर्व की अनुभूति कराने वाली थी। मैं सभी कांवड़ियों की सुखद यात्रा और भोरमदेव मंदिर पधारे सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन करती हूं और भगवान भोलेनाथ से सबके जीवन में सुख-समृद्धि बनाए रखें यही कामना करती हूं। आज भोरमदेव मंदिर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा के साथ भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन एवं जलाभिषेक कर सर्वमंगल की कामना की। इस अवसर पर माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा हेतु मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं द्वय उप मुख्यमंत्री ने अभिनंदन किया जिसके प्रति मैं आप सभी का आभार व्यक्त करती हूँ। इस अवसर पर कबीरधाम जिला एवं जनपद के प्रतिनिधिगण, भाजपा जिला कबीरधाम के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण व कांवड़ यात्री उपस्थित थें।

## सतीश चन्द्राकर बने पटवारी संघ के प्रदेश महामंत्री

- पटवारियों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप ने अपने आगामी तीन साल के नये कार्यकाल के बेहतर संचालन के लिए अपनी कार्यकारिणी का गठन किया 27 जुलाई को मनेन्द्रगढ़ में हुई सत्र की प्रथम प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से सतीश चन्द्राकर को प्रांतीय महामंत्री घोषित किया है, बीते तीन वर्ष में राजस्व विभाग की व्यवस्था सहित पटवारियों की समस्याओं को साथ ही मैदान में जनता की समस्याओं को विभागीय मंत्री और मुख्य सचिव तक प्रखरता से रखने में पीछे नहीं हटे, राजस्व विभाग के प्रचालन और नियम के बीच बेहतरीन विचार रखकर उसके स्थाई समाधान का प्रयास करते रहे हैं, अपने पटवारी साथियों की समस्याओं को मजबूती के साथ रखते रहे हैं, बैठकों और आंदोलन में हमेशा शामिल रहते हुए। सबको प्रभावित किया एवं उच्च स्तरीय विचार को उचित मंच पर रखने की सामर्थ्यता रखने वाले पटवारी सतीश चन्द्राकर एक फिर प्रान्तकार्यकरणी में शामिल कर प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप ने अपनी टीम को और मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इससे पहले सतीश चन्द्राकर प्रदेश सहसचिव तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व निर्वहन कर चुके है एक बार फिर विश्वास जताते हुए प्रदेश महामंत्री बनाये जाने पर सतीश चन्द्राकर ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आगामी समय में अपने पटवारी साथियों के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करना उनका मकसद होगा साथ ही राजस्व विभाग की मैदानी दिक्कतों को शासन-प्रशासन के सर्वोच्च पदाधिकारों तक बेहतर एवं प्रभावी ढंग से रखने की पूरी कोशिश होगी। जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं के साथ-साथ पटवारियों की नियमित पदोन्नति, संसाधन भत्ता सहित सभी लंबित मांगों के लिए उच्चस्थ अधिकारियों व सरकार तक बात पहुँचाना मुख्य मकसद होगा। सतीश चन्द्राकर के प्रदेश महामंत्री बनने पर उनके संघ के जिला अध्यक्ष गेंदुराम मरावी, जिला सचिव रविकांत आमदे, नितेश यादू, रामचन्द साहू, संजय कश्यप, दिलीप, पिलाराम, अमरीश, मनोज बाँधेकर, प्रवीण, प्रदीप चन्द्राकर, प्रदीप सोनी, अजय, सहदेव, मुक्तानन्द, गिरिवर, सोमेश्वर, सूर्यकांत, सकील खान, रीनू, सुशीला, पुष्पराज, सुखीराम, अंकुश, धन्नू, दिनेश, मुकेश सहित कवर्धा जिला के पटवारियों ने बधाई प्रेषित की।

## अगम दास अनंत बने कुंडा कांग्रेस प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर एवं जिला प्रभारी गुरु रुद्र कुमार पूर्व कैबिनेट मंत्री व जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी साहू के मार्गदर्शन में पार्टी में मजबूती के लिए आदेश अनुसार कांग्रेस कमेटी कुंडा के अगम दास अनंत को कुंडा प्रभारी नियुक्त किया गया है जिसमें कुंडा कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बूथ प्रभारी सेक्टर प्रभारी जोन प्रभारी की नियुक्ति होना है जो जमीन स्तर पर पार्टी के लिए काम कर रहा है व हमेशा पार्टी को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है जमीन स्तर पर ऐसे कार्यकर्ताओं को एक साथ बैठक कर सर्व समिति से बैठक कर एक दूसरे कर राय लेकर चुना जाएगा। जिसके लिए अभी बैठक होना है उसके बाद आगे प्रक्रिया बढ़ेगा और साथ ही साथ कुंडा कांग्रेस कमेटी का प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई दिया गया जिसमें कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, दिनेश पाण्डेय, उत्तर चंद्राकर, पवन शर्मा, श्रीमती आरती साधे राम, अनंत हरचरण सिंह, खनूजा, विनोद रजक, मनोहर चंद्राकर, यासीन खान, परमाना रामावतार सिंगरौल, राजेश चंद्रवंशी, लाला चंद्रवंशी, बलदाऊ साहू, भरत साहू, शिव सिंह चौहान, सनत चंद्राकर, लखन सिंगरोल, गौतम साहू, कौशल चंद्राकर, गोरेलाल चंद्राकर, परमानंद साहू, नकुल चौहान, रोमी पाल, प्रशांत खांडे, बद्री खांडे, ऋषि, दिलीप चंद्रवंशी, गुरुनद गोस्वामी, ओंकार साहू, अंशु साहू, शैलेश दिवाकर, ओंकार साहू, शुभम साहू, सहित कार्यकर्ता ने बधाई दिया।

### शिव मंदिर का विधि विधान से जल अभिषेक कर हवन पूजन किया



**हरिभूमि बरबसपुर।** सावन की तृतीय सोमवार को नर्मदा स्थल ग्राम परसहा मे विराजमान यादव समाज जरती समिति द्वारा निर्मित शिव मंदिर का विधि विधान से जल अभिषेक कर हवन पूजन किया और भगवान भोलेनाथ से विश्व की सुख शांति व समृद्धि की कामनाएं की जिसमें सामाजिक सदस्य एवं यादव समाज के जिलाध्यक्ष धनीराम यादव, सह पत्नी कंचन यादव जरती समिति अध्यक्ष लालाराम यादव, उपाध्याक्ष संजय यादव, कोषाध्यक्ष सुखनंदन यादव, सभापति बजरहा यादव, संचालक किशुन यादव, चपरासी गौतरीहा पंच दशरथ यादव, दीपचंद यादव, चंदेश यादव, रवि यादव, विजय यादव एवं समस्त यादव जरती समिति उपस्थित थे।

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर के बच्चों ने स्व निर्मित 251 राखियां भारतीय सेना के लिए भेजी




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर के बच्चों द्वारा स्व निर्मित 251 राखियां भारतीय सेना के लिए आज सिपाही महासभा के जरिए आर्मी हेडक्वार्टर तक पहुंचाने के लिए पूर्व सैनिक महासभा के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह राणा को दिया गया, वहां से यह सभी राखियां सीमा पर तैनात हमारे जवानों के लिए भेजी जाएगी। इस अवसर पर स्कूल के समस्त विद्यार्थी शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष भिखम पटेल एवं सदस्यगण की उपस्थिति में पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। अपने उद्बोधन में रमेश जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, शुद्ध वातावरण, औषधि इन्हीं पेड़ पौधों से प्राप्त होता है। इसे बचा कर रखने की बात बोले। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के प्राचार्य चंद्रशेखर चौधरी के द्वारा बच्चों को देशप्रेम को सर्वोपरी बताते हुए सीमा पर तैनात फौजी भाइयों के लिए रक्षाबंधन त्योहार के लिए स्कूली बच्चों द्वारा स्वनिर्मित 251 राखियां भेजी गई। इस अवसर पर व्याख्याता गण ठाकुर प्रसाद नायक, मुकेश ठाकुर, श्रीमती रंजना मिश्रा, श्रीमती गायत्री तिवारी, राजेश चंद्रवंशी, श्रीमती मधुरिमा सोनी, चरणजीत सिंह पाहुजा, श्रीमती अलका शर्मा, श्रीमती प्रियंका मेहरा, श्रीमती सीमा मरकाम, अब्दुल सईद खान, श्रीमती प्रीति पांडेय, श्रीमती रामबती तिलगाम उपस्थित थे।

### धान रोपाई कार्य मे रफ्तार व खेतों में लौटी हरियाली



**हरिभूमि बरबसपुर।** कबीरधाम जिले को कृषि प्रधान और छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा के नाम से विख्यात हैं कबीरधाम जिले में फिर से लगातार झमाझम बारिश हो रही है और हरेली पर्व के बाद अब मजदूरों और किसानों में धान की रोपाई कार्य में ताकत और रफ्तार बढ़ गई है खेतों में बारिश के चलते जल भराव हो गया है और धान की रोपाई कार्य मे मजदूर और किसानों जुट गए हैं एक तरफ कृषि कार्य युध्द स्तर से फिर चलने के कारण गांव-गांव की गली मोहल्ले सन्नाटा पसरा हुआ हैं वही मजदूर किसान ने सुबह होते ही दिन भर के लिए खेतों की धान की रोपाई कार्य मे जुटे हुए हैं, जिसे खेत खलिहान में मजदूरों और किसानों का तांता लगा हुआ है तथा कतार लाइन से धान की रोपाई कार्य कर रहे हैं जिससे मजदूर किसानों में रौनक आ गई है और बड़ी संख्या में मजदूरों ने कृषि कार्य में रोजी-रोटी कमा रहे हैं बाजार व मेले जैसे खेतो में दिखाई पड़ने लगी है बारिश के बाद अब चारों तरफ खेतों में हरियाली जैसे प्रतीक होने लगे हैं अब किसान खेतों में खाद भी डाल रहे हैं ताकि बहुत जल्द परिपक्व होकर तैयार हो सके जिसकी तैयारी में किसान युद्ध स्तर से जुट गए हैं और पूरी ताकत व जोश के साथ कृषि कार्य में लगा हुआ है ताकि मेहनत का रंग समय पर अच्छे धान की पैदावार हो सके।

### इस बार सावन की थीम - सौम्या अर्थात शालीनता, गरिमा और सौम्यता के साथ परंपरा

## सावन की हरियाली में संस्कृति महिला ग्रुप का भव्य सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरिया




पवित्र श्रावण मास में हरेली तीज के अवसर पर सावन उत्सव का भव्य आयोजन रविवार को संस्कृति महिला ग्रुप के तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह आयोजन नगर के जैन धर्मशाला में आयोजित किया गया जिसमें ग्रुप की सभी महिला सदस्य सहित अन्य महिलाएं भी बहुत उत्साह के साथ सम्मिलित हुई। वही कार्यक्रम का शुभारंभ शिव-पार्वती की पूजा अर्चना एवं स्तुति के साथ किया गया। हर हर महादेव के जयकारे एवं भजनों ने संपूर्ण माहौल को शिवमय एवं भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम मंम सावन थीम व ड्रेस कोड के अनुसार सभी महिलाएं शालीनता, गरिमा एवं सौम्यता व परम्परा के अनुसार हरेली तीज में हरे रंग के परिधान में सुसज्जित होकर आए जो सावन की हरियाली और उमंग का प्रतीक है। इस सावन उत्सव में महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत संगीत, एवं अनेक स्पर्धाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और हरियाली तीज के महत्व पर चर्चा करते हुए इस उत्सव को हरियाली के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं परम्परा का एक हिस्सा बताया। वही सावन उत्सव के दौरान सावन सुदंरी 2025 प्रतियोगिता एवं विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं ने परंपरा के अनुसार झूले का आनंद उठाते हुए सावन के गीत और सेल्फी जोन में रंग-बिरंगी छतरीयो के साथ फोटो भी खिंचवाए। इस वर्ष 2025 सावन सुंदरी का खिताब श्रीमती वर्षा रजक ने जीता एवं श्रीमती विभा पाण्डेय उप विजेता रही।

माला बदलने के गेम मे विजेता श्रीमती दामिनी चंद्रवंशी एवं श्रीमती मंजू चंद्राकर नम्बर गेम की विजेता रही। वही सुश्री सुबी श्रीवास्तव को चयनित कर मिस सावन बनाया गया। सभी विजेताओं को ग्रुप के द्वारा सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया गया। ग्रुप की अध्यक्ष अर्चना ठाकुर ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से महिलाओं को अपनी कला और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शैल बिसेन ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी महिलाएं विजेता हैं क्योंकि सभी महिलाओं अत्यंत ऊर्जा व उत्साह के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। रूपरेखा के अनुसार उर्वशी चंद्रवंशी एवं सुष्मिता श्रीवास्तव ने बेहतरीन तरीके से प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस बार ग्रुप की महिलाओं के द्वारा घर से बहुत ही स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर लाये गये थे जिसका सभी ने आनंद उठाया और व्यंजनों की बहुत सराहना की गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्कृति ग्रुप के इस आयोजन की प्रसंशा की गई। ग्रुप की अध्यक्ष अर्चना सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए सभी महिलाओं को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्वेता श्रीवास्तव, अनिता शर्मा, श्रद्धा कौशिक, अर्चना श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, सोनी शुक्ला, किरण शर्मा, नीतू सिंह, कुसुम साहू, संतोषी धुर्वे, कविता चंद्रवंशी सहित महिलाएं उपस्थित थी।

## खबर संक्षेप

### सड़क नवीनीकरण व चौड़ीकरण की मांग

**कवर्धा।** क्षेत्रवासी लंबे समय से जेवडन चौक से हरिनछपरा तक की जर्जर एवं संकरी सड़क की समस्या से जूझ रही है। यह मार्ग क्षेत्रीय लोगों के लिए जीवनरेखा समान है, जो ग्रामीणों, किसानों, छात्रों और आमजन की कारखाने में गन्ना गाड़ी, स्कूली बस आवागमन की प्रमुख एक मात्र सड़क है।ग्रामीणों ने बताया कि उचित रखरखाव के आभाव में मार्ग काफी जर्जर और खस्ताहाल हो चुका है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियोंा द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सड़क चौड़ीकरण व नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।

# दो महिला कर्मचारी के भरोसे उप स्वास्थ्य केन्द्र, वनांचल की स्वास्थ्य व्यवस्था का बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोडान

पंडरिया क्षेत्र के वनांचल स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र कोदवागोडान में विभागीय उपेक्षा एवम प्रशासन की नजरअंदाजी के चलते काफी लंबे समय से आवश्यक सेवा वाले कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से अंचल की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि कोदवा गोडान के आसपास का वनांचल गोंड एवं विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति बहुल इलाका है। अंचल के लोगों को हर समय आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से साप्ताहिक हाट बाजार के अलावा अंचल के प्रमुख संपर्कित ग्राम कोदवा गोडान में सरकार द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र्र की स्थापना की गई थी। गौरतलब है कि इस अंचल में मौसमी व संक्रामक बीमारियों के प्रकोप होने से पूर्व में अनेक वनवासियों की मौतें भी होती रही हैं। इसीलिए इस इलाके को बरसात के मौसम में प्रायः होने वाली उल्टी दस्त के अलावा पीलिया,मलेरिया और टीबी जैसी बीमारियों के लिए संवेदनशील भी माना जाता रहा है। लगभग तीन साल पहले तक प्रशासन की सक्रियता और समय समय पर औचक निरीक्षण होते रहने के चलते स्वास्थ्य विभाग भी जागरूक रहा जिससे यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था काफी अच्छी और चाक चौबंद रही है! किंतु विगत तीन वर्षो से अंचल की स्वास्थ्य व्यवस्था विभाग के गैरजिम्मेदाराना रवैए और प्रशासन की नजर अंदाजी से मात्र औपचारिक होकर रह गई है।

### स्वीकृत पद पांच, पदस्थापना मात्र दो की




बताया जाता है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र कोदवा गोडान में पांच पद स्वीकृत होने के बावजूद काफी लंबे समय से केवल दो महिला कर्मचारियों के भरोसे काम चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यहां पदस्थ दो अन्य महिला कर्मियों सहित एक पुरुष कर्मचारी जो कि अपनी नियुक्ति के बाद से ही अटैचमेंट के तहत अन्य स्थान पर सेवा दे रहे थे को अभी कुछ दिनों पहले जिला कलेक्टर द्वारा स्थानांतरित कर दिए जाने के बाद इस संवेदनशील क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्र में एक केन्द्र प्रभारी तथा एक ए एन एम को मिलाकर मात्र दो महिला कर्मचारी रह गई हैं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि अपनी छोटी मोटी स्वास्थ्यगत समस्याओं को लेकर प्रतिदिन समय असमय आने वाले मरीजों के अलावा गर्भवती प्रसव तथा विभाग द्वारा सौंपे गए टीकाकरण, सर्वे जैसे अन्य नियमित कार्यों का क्रियान्वयन इन्हीं दो महिला कर्मियों से होने की उम्मीद करना वनवासियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ ही कहा जाएगा।

### पुरुष कर्मचारी विहीन उप स्वास्थ्य केन्द्र

उप स्वास्थ्य केन्द्र में पुरुष कर्मचारी नहीं होने से अपनी कुछ स्वास्थ्यगत समस्या लेकर आने वाले पुरुष वर्ग के मरीजो को कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अपनी व्यक्तिगत और गुप्त समस्याओं के बारे में किसी महिला कर्मचारी के पास खुल कर बात करने में ग्रामीण और खासकर वनवासी अंचल के पुरुषो को संकोच होना अथवा परहेज करना स्वाभाविक है!यहां एक पुरुष कर्मी की नियुक्ति को लेकर भी कई बार मांग की जाती रही है!किंतु संवेदनहीन हो चुके विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगा। वनवासी अंचल का प्रमुख सम्पर्कित ग्राम होने के बावजूद इस स्वास्थ्य केंद्र की उपेक्षा को देखकर वनवासियों की चिकित्सा सुविधा के प्रति स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन कितना गम्भीर है इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों के अलावा जिला कलेक्टर से यहां एक पुरुष कर्मचारी सहित पर्याप्त कर्मियों की नियुक्ति किए जाने का आग्रह किया है।

### शीघ्र पुरूष कर्मी की नियुक्ति की जाएगी

उप स्वास्थ्य केन्द्र में एक केन्द्र प्रभारी के अलावा एक एएनएम और एक पुरुष कर्मी मिलाकर कुल तीन कर्मी की पदस्थापना होती है। कोदवागोडान में फिलहाल पुरुष स्वास्थ्य कर्मी का पद रिक्त है। विभाग में अभी एमपीडब्ल्यू (मेल वर्कर) की कमी के चलते अव्यवस्था हुई है, किंतु शीघ्र ही वहां एक पुरुष कर्मी की नियुक्ति कर दी जाएगी।

**डॉ. डीके तुर्रे, सीएमएचओ**

### सीएम, विस अध्यक्ष तथा मंत्रियों ने कांवड़ियों व शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा

# मुख्यमंत्री साय ने भोरमदेव में मंत्रोच्चारण के साथ की विशेष पूजा-अर्चना व रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव ने सावन माह के तीसरे सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्राचीन, पुरातात्विक, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर में पवित्र सावन मास में सैकड़ों किलो मीटर पदयात्रा कर जलाभिषेक करने आने वाले हजारों कांवड़ियों पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने हर-हर महादेव और बोलबम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं और हजारों पदयात्री कांवड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए भोरमदेव परिसर में आत्मीयता से मुलाकात की। बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति के अद्भुत दृश्य ने श्रद्धालुओं को उत्साहित किया और पूरा परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरुण साव और श्रीमती भावना बोहरा ने भी कांवड़ियों का स्वागत अभिनंदन किया। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब मुख्यमंत्री स्वयं श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा के माध्यम से स्वागत कर रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा और श्री साव के साथ भोरमदेव बाबा भगवान शिव जी का दर्शन कर मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक किया तथा प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की और आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात कर हाल चाल जाना और मंदिर परिसर में बोल-बम कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिव भक्त कांवड़ियों और श्रद्धालुओं से कहा कि आज सावन मास के तीसरे सोमवार को बाबा भोरमदेव की पावन धरती पर आकर शिवभक्तों के साथ जुड़ना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य और गर्व का विषय है। हजारों श्रद्धालु सैकड़ों किलो मीटर की पदयात्रा कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने यहां पहुंचे हैं, यह हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत मिसाल है। यहां पहुंचकर मैं भगवान भोलेनाथ से प्रदेश के सभी लोगो की सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया हूं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अमरकंटक से 151 किलोमीटर पदयात्रा कर भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने वाली पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को भगवा वस्त्र और श्रीफल भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव कॉरिडोर विकास के लिए 146 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना न सिर्फ मंदिर परिसर का कायाकल्प करेगी, बल्कि आसपास के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को भी जोड़कर एक समग्र आध्यात्मिक अनुभव देगी। इसमें पुरातत्व महत्व के स्थल मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा से लेकर सरोदा जलाशय तक पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से अमरकंटक जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश के अनुपपुर में 5 एकड़ भूमि आबंटित की प्रक्रिया जारी है, जहां एक भव्य श्रद्धालु के लिए भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हेलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर में पुष्पवर्षा भी किए है। उन्होंने सावन मास के लिए सभी भक्तजनों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधियों ने भी भोरमदेव बाबा भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।




**भोरमदेव में उमड़ा जन सैलाब**

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जिले के अन्य शिवालयों के साथ ही भोरमदेव में शिवभक्तों तथा कांवड़ियों का जन सैलाब देखने को मिला। सोमवार को सुबह से ही यहां हजारों की संख्या में कांवड़ियां तथा शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की तथा जलाभिषेक किया। भोरमदेव में सुवब से लेकर देररात तक शिव भक्तों का तांता लगा रहा है। यहां कबीरधाम के अलावा पड़ोसी जिला मुंगेली, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव से भी बड़ी संख्या में शिव भक्त पहुंचे थे। भोरमदेव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ऐसी ही भीड़ सोमवार को कवर्धा के पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर तथा जालेश्वर महादेव घाट डोंगिरया में भी देखने को मिली। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु तथा अमरकंटक से नर्मदा जल लेकर कांवड़ियां पहुंचे थे।



# क्षतिग्रस्त पंडरिया-बजाग मार्ग के हिस्से की मरहम पट्टी व बेरिकेटिंग पर खतरा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई/कुकदुर

भारी बारिश के चलते बीते दिनो पंडरिया-बजाग मार्ग स्थित ग्राम पोलगी के पास क्षतिग्रस्त हुए राजकीय राज मार्ग की घटना के बाद संबंधित विभाग ने कामचलाऊ ढंग से मरहम पट्टी कर बेरिकेटिंग तो कर दी है और मार्ग में आवाजाही चालू रखी है। लेकिन बताया जा रहा है कि खतरा अभी भी बरकरार है। खासकर सीधे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले इस चौबिसों घंटे आमदरफ्त मार्ग से होकर गुजरने वाले भारी वाहन कभी भी संकट में पड़ सकते हैं। गौरतलब है कि हाल के दिनो में पंडरिया के वनांचल क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के चलते पहाड़ों से होकर गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग स्थित ग्राम पोलमी के पास डामरीकृत सड़क के किनारे का एक बड़ा कटकर धंस गया था। हालांकि सड़क का कटाव किनारे से होने के कारण मार्ग तो अवरूद्ध नहीं हुआ है और घटना के बाद भी आवागमन लगातार जारी है। बताया जाता है कि संबंधित विभाग को घटना की जानकारी मिलने के बाद विभाग ने कटाव को पाट भी दिया है और क्षतिग्रस्त मार्ग के दोनो और बेरिकेटिंग भी कर दी गई है, ताकि कोई वाहन सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से होकर न गुजर सके। लेकिन स्थानीय लोगों और वाहन चालकों की माने तो विभाग की इस कामचलाऊ व्यवस्था और मरहम पट्टी के बाद भी खतरा टला नहीं है। लोगों ने बताया कि सड़क का कटाव पहाड़ की खाई से शुरू हुआ है, ऐसे में इस बात की प्रबल संभावना है कि जब तक इसे सही ढंग से और व्यवस्थित ढंग से मजबूती प्रदान नहीं की जाएगी खतरा बरकरार ही रहे हैं। लोगों ने बताया कि सड़क का कटाव मोड़ में हुआ है और इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छोटे-बड़े तथा भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है कि ऐसे में अगर कोई भारी वाहन गलती से भी क्षति ग्रस्त मार्ग के हिस्से होकर गुजरा तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे में बेहर यही होगा कि प्रशासन तथा संबंधित विभाग इसे गंभीरता से लेते हुए मार्ग को सही ढंग से दुरूस्थ कराए।



# पंडरिया में चरण पखारकर किया गया कांवड़ियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

बीते 36 वर्षो से श्रावण मास में मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से नर्मदा जलकर लेकर कांवड़ यात्रा करते आ रही पंडरिया अंचल की संकट मोचन बोल बम समिति के कांवड़ियों ने हर बार की तरह इस बार भी नगर, जिला, प्रदेश सहित क्षेत्र के सुख, शांति, समृद्धि की मनोकामना के साथ अपनी कांवड़ यात्रा पूरी की।

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को श्री अमरकंटक धाम से प्राचीन शिव मंदिर कामठी में जल अभिषेक कर पंडरिया नगर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर व नगर के मंदिरों के दर्शन करते हुए गोपीबंद पारा स्थित प्राचीन शिव मन्दिर में जलाभिषेक करने पहुंचे इन कांवड़ियों का भव्य स्वागत नगरवासियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कांवड़ियों का स्वागत चरण पखार कर तथा आरती व तिलक कर किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी आनंद सिंह के साथ प्रदीप यादव, प्रशांत सिंह, प्रिंस प्रताप, ललित देवांगन, नितिन जैन, विराट तिवारी, मोंटी जैन, भरत यादव, सरवन साहू, दीपक चंद्रवंशी, आरिफ ख़ान, अजय कुमार, आशीष सिंह उपस्थित थे।

यहां बताना लाजिमी होगा कि विगत सात वर्षो से शिवभक्तों द्वारा इसी तरह से कांवड़ियों का स्वागत किया जा रहा है। बताया जाता है कि संकट मोचन बोल बम समिति का गठन वर्ष 1988 में हुआ था और तभी से समिति की कांवड़ यात्रा अनवरत जारी है। जिसमें पंडरिया नगर सहित मैनपुरा, रोहा, कूबा सहित अन्य ग्रामों के कांवड़िया शामिल है।

# साले के सूने मकान में जीजा ने लगाई फांसी

- चार दिन बाद मिला मृतक का शव, आत्महत्या का कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम का न्हा खे रो निवासी एक ग्रामीण का शव उसके ससुराल छीरपानी में साले के सूने मकान में फांसी के फंदे में लटका मिला है। बताया जाता है कि मृतक का शव करीब चार दिन पुराना है। घटना की जानकारी मिले के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान का ताला खोलकर मृतक का शव बरामद कर लिया है।

प्रथम दृष्टया ग्रामीण द्वारा आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ग्रामीण ने आत्महत्या क्यों की। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकदूर थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी के अश्रित गांव कान्हाखेरो निवासी बिसराम पिता सुखीराम आयु 30 का शव ग्राम छीरपानी स्थित उसकी ससुराल में साले के सूने मकान में मिला है। बताया जाता है कि करीब चार दिन पूर्व बिसराम अपनी ससुराल छीरपानी गया था जहां उसने अपने साले के सूने मकान में फांसी का फंदा कसकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी चार दिन बाद मृतक के परिजनो को हुई।

जिसके बाद उन्होने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है लेकिन अभी तक मृतक के शव का पीएम नहीं हो पाया है और न ही आत्महत्या किए जाने की वजह स्पष्ट हो पाई है। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# ग्रामीण गौठानों का हालबेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



बारिश के बाद गांव-गांव के गौठान दलदल और कीचड़ में तब्दील हो चुके है। जिसके कारण मवेशियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बारिश के इन दिनो में विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम नाऊडीह दौजरी जेवडन खुर्द बांझीमौहा, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट, घुकसा, बरबसपुर, सिघनपुरी तथा विकासखंड बोड़ल के अंतर्गत हरिनछपरा, राम्हेपुर कला के गौठान में बारिश दलदल में तब्दील हो गए। आलम ये है कि गौठान पूरी तरह से कीचड़ से लतपथ हो चुके हैं जहां मवेशियों के बैठने के लिए एक इंच भी सूखी जमीन नहीं है। ऐसे में मवेशियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या से जूझ रहे मवेशी एक तरफ गौठान में सूखी जमीन के आभाव में परेशान हैं तो दूसरी तरफ मच्छर और मक्खी से हलाकान है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायतों तथा प्रशासन से व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

### इस वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाएगा भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन

# रक्षाबंधन के लिए नगर के बाजार में सजने लगी राखी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



श्रावण मास की पूर्णिमा को पड़ने वाले प्रमुख रक्षा बंधन के त्यौहार को देखते हुए नगर में भाई-बहन के अमरप्रेम को प्रकट करने वाली राखियों से बाजार सजने लगा है और नगर में राखियों की कई दुकाने सज चुकी है। हालांकि 9 अगस्त को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन के त्यौहार को देखते हुए अभी इन दुकानो में दुकानदारों की अपेक्षा के अनुरूप खरीदी प्रारंभ नहीं हुई लेकिन फिर जिन बहनो को दूर-दराज में रहने वाले अपने भाईयों के लिए राखियां भेजनी है उन्होने राखियों की खरीदी प्रारंभ कर दी है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के चलते ही जहां नगर में चारों ओर शिवभक्ति की लहर हिलोरे मारती है, वहीं श्रावण पूर्णिमा में मनाए जाने वाले राखी पर्व की खुशियां भी अब बिखरने लगी हैं और लोगों ने इस पर्व की तैयारियां प्रारंभ कर दी है। जिसके तहत बाजार में नई साज-सज्जा के साथ खुली नई दुकानों में पहुंचकर बहनें स्टाक के रहते नए फैशन की सुंदर से सुंदर राखी अपने प्यारे भाईयों के लिए खरीद लेना चाहती हैं। वहीं किसी कारणवश मायके न जा सकने वाली बहनें अपने दूर-दराज भैया व भाभी के लिए समय रहते राखी भेजने की ललक में खरीददारी कर रही है। कवर्धा नगर के राखी विक्रेताओं ने बताया कि, उनके दुकान में विभिन्न प्रकार की राखियों का बम्पर स्टाक है, जिसमें स्टोन की देव मूर्तियों वाली राखी, बच्चों के लिए टैडी बीयर, स्पाइडरमेन, सुपर मेन राखी के साथ लाइट व म्यूजिक वाली राखी खासतौर पर मंगाई गई है। इसके साथ सामान्य तौर पर बिकने वाली राखियों में डोरियां, मेटल तथा विभिन्न प्रकार की फैंसी राखियां है। जिनकी कीमत 10 रूपए से दो ढाई सौ रूपए तक है। विक्रेताओं ने आगे बताया कि भाभियों के लिए खास तौर पर लुम्बा राखी मंगाई गई है। जिसे चूड़ियों पर बांधने से अच्छा लुक मिलता है। भैया व भाभी के लिए विशेष मैच करता हुआ पेयर राखी भी लाई गई है। जो बिल्कुल नए फैशन की है। राखी विक्रेताओं के मुताबिक हालांकि अभी राखियों की बिक्री उनकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो रही है। लेकिन कुछ दिन बाद खरीददारी बढ़ जायेगी।

# श्रावण सोमवार को भण्डारा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विकासखंड पंडरिया के ग्राम नवापारा में पवित्र श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिव मंदिर प्रांगण में खीर पुड़ी रसगुल्ला का भंडारा आयोजन किया गया।

ग्रामीण ने बताया कि सूरज चंद्राकर ने अपने बहन स्वं दुरौरिना चंद्राकर के नाम से मंदिर निर्माण भी कराया है। जहां श्रावण मास में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यहां श्रावण मास के तीसरे सोमवार को भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन को लेकर लोगों में खासा उतसाह देखा गया। इस अवसर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।